www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 347, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 26 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# आपातकाल वह काला दौर था

## जिसमें भारतीय लोकतंत्र को निर्ममता से कुचल दिया गया था : पीएम

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 25 जून को भारतीय इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक–1975 के आपातकाल–को याद करते हुए इसे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला करार दिया। सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किए गए अपने संदेशों में प्रधानमंत्री ने उन अनगिनत नागरिकों और विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने उस दौर में दमन के खिलाफ आवाज उठाई और भारतीय संविधान के आदर्शों की रक्षा की।

प्रधानमंत्री ने आपातकाल को भारत के इतिहास के ह्यसबसे अंधकारमय अध्यायों में से एकह्ल बताते हुए इस दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि आपातकाल ने उन अनगिनत नागरिकों के असाधारण साहस को भी उजागर किया, जिन्होंने चुप रहने से इनकार किया और संविधान में निहित आदर्शों को बनाए रखा।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में, 1975 में इसी दिन लागू किए गए आपातकाल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा हमला था। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं को निलंबित कर दिया गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए गए, राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया तथा हमारे लोकतंत्र की आधारशिला



माने जाने वाले संस्थानों पर प्रहार किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों के लिए संविधान 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हम संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

संविधान की भावना से प्रेरित होकर हम ऐसे भारत का निर्माण करेंगे, जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। भारत में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आपातकाल लागू रहा था। वर्ष 2025 से केंद्र सरकार इस दिन को ह्यसंविधान हत्या दिवस के रूप में मना रही है। इस संबंध में जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा गया था कि 25 जून 1975 को आपातकाल घोषित किया गया, जिसके बाद ह्लतत्कालीन सरकार द्वारा सत्ता का दुरुपयोग किया गया और भारत की जनता को ज्यादतियों तथा अत्याचारों का सामना करना पड़ा।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि संविधान हत्या दिवस आज हमें उस काले दौर की याद दिला रहा है, जब भारतीय लोकतंत्र को बुरी तरह से कुचला गया था। उन्होंने पोस्ट में कहा, यह हमें लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने को प्रेरित करता है। आपातकाल का विरोध करने वाली सभी विभूतियों को सादर नमन। आपातकाल की औपचारिक घोषणा भारतीय संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। इसके साथ ही कार्यपालिका को व्यापक और सर्वोच्च शक्तियां प्राप्त हो गईं तथा राज्यों पर केंद्र का नियंत्रण और अधिक मजबूत हो गया। आपातकाल लागू होने के बाद संवैधानिक सुरक्षा उपायों को क्रमबद्ध तरीके से निलंबित कर दिया गया। आपातकाल के दौरान संस्थागत प्रणालियों और प्रशासनिक आदेशों के माध्यम से प्रेस तथा जनसूचना पर कड़ा नियंत्रण रखा गया।

इस अवधि में संसद ने कई संविधान संशोधन पारित किए, जिनसे न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के नियंत्रण एवं संतुलन की व्यवस्था कमजोर हुई।

### 32 की मौत- 700 से ज्यादा घायल, पीएम मोदी ने जताया गहरा शोक, बोले- 'संकट में हर संभव मदद को तैयार है भारत'

वेनेजुएला में आए सदी के सबसे विनाशकारी भूकंपों से मची भारी तबाही और जनहानि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म " (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के जरिए पीएम मोदी ने वेनेजुएला के नागरिकों के प्रति भारत की ओर से संवेदनाएं व्यक्त कीं और संकट की इस घड़ी में हर संभव मानवीय और चिकित्सा सहायता देने का भरोसा दिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में लिखा: "वेनेजुएला में आए जबरदस्त भूकंपों से हुई तबाही से बहुत दुख हुआ है। भारत के लोगों की ओर से, मैं वेनेजुएला की सरकार और वहाँ के लोगों, खासकर उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ ।

## अमेरिका के साथ कोई समझौता तब तक नहीं होगा, जब तक...

**नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार (25 जून, 2026) को एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि अमेरिका के साथ कोई द्विपक्षीय व्यापार समझौता तब तक नहीं हो सकता है, जब तक भारत और अमेरिका के बीच प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले में भारतीय सामानों के निर्यात के लिए कंपैरिटिव टैरिफ एडवांटेज यानी तुलनात्मक टैरिफ लाभ को सुनिश्चित करने के लिए एक तय फ्रेमवर्क नहीं बन जाता है.



रॉयटर्स की रिपोर्ट की मुताबिक, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दोनों देशों के बीच ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि वाशिंगटन के साथ अब एक ऐसा फ्रेमवर्क बनाने पर बातचीत चल रही है, जो भारत को अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले ज्यादा बढ़त दिला सके।

### एम्स का बड़ा फैसला, सोशल मीडिया पर पाबंदी!

**नई दिल्ली**

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज यानी एम्स ने बड़ा फैसला लिया है. अब स्टूडेंट को बिना परमिशन के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इंस्टीट्यूट के नाम पर लोगो, चिन्ह या ब्रांडिंग का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी. यह नोटिफिकेशन सोशल मीडिया पर कुछ नियम के तहत जारी किया गया है. अब अगर ऐसा कुछ करना भी है, तो उसके लिए ऑफिशियल रिटर्न मंजूरी लेनी होगी।

## सरकार ने एलपीजी सप्लाई पर लगी सभी पाबंदियां हटाईं



**नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने एलपीजी की सप्लाई पर लगी सभी पाबंदियां हटा दी हैं. सरकार ने नॉन-डोमेस्टिक पैक्ड एलपीजी की सप्लाई पर लगी सेक्टोरल पाबंदियां हटाई हैं. अब इसकी सप्लाई उसी स्तर पर कर दी गई है जो ईरान-अमेरिका युद्ध के बाद पैदा हुए संकट से पहले थी.

सरकार की ओर से पाबंदियां हटाने के बाद अब बल्क एलपीजी की सप्लाई भी फिर से शुरू कर दी गई है, जिसे संकट की शुरूआत में रोक दिया गया था. इसे संकट से पहले की खपत के 50 फीसदी तक खोल दिया गया है. सरकार के इस फैसले से कमर्शियल और इंडस्ट्रियल कंज्यूमर्स को बड़ी राहत मिलेगी.

संकट के समय घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम यानी Essential Commodities Act के तहत आदेश जारी किया था. आदेश में कहा गया था कि C3-C4 स्ट्रीम्स का इस्तेमाल सिर्फ एलपीजी बनाने में होगा. इन्हें पेट्रोकेमिकल और दूसरे काम से हटाकर एलपीजी में लगा दिया गया था.

**पहले से बेहतर हुआ घरेलू एलपीजी का उत्पादन**

अब जब घरेलू एलपीजी उत्पादन बेहतर हुआ है और इंपोर्टेड एलपीजी कार्गो भी आने वाले हैं, इसी को देखते हुए सरकार ने एलपीजी पूल में 33-34 स्ट्रीम्स का इस्तेमाल कम करने का फैसला किया है. अब इन स्ट्रीम्स को पेट्रोकेमिकल और दूसरे जरूरी सेक्टर के लिए ज्यादा दिया जाएगा।

## राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर, नराकास की बैठक और कार्यशाला आयोजित



**अखंड भारत संदेश**

**लखनऊ। केंद्र** सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और उसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, अलीगंज में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2) की वर्ष 2026 की प्रथम छमाही बैठक एवं राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न केंद्रीय कार्यालयों के अधिकारियों ने भाग लिया और राजभाषा नीति के अनुपालन की समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष राजिन्दर कुमार ने की, जबकि राजभाषा विभाग, भारत सरकार के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) अजय कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सदस्य कार्यालयों के विभागाध्यक्षों, कार्यालय प्रमुखों, राजभाषा अधिकारियों तथा हिंदी अधिकारियों ने भी सहभागिता की।

बैठक में सबसे पहले पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई और उस पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसके बाद राजभाषा नीति और वार्षिक कार्यक्रम 2026-27 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा हुई। सदस्य सचिव एवं राजभाषा अधिकारी ओम प्रकाश ने सदस्य कार्यालयों की छमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हिंदी पत्राचार, हिंदी में टिप्पणियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाओं के आयोजन, राजभाषा नियमों के अनुपालन तथा हिंदी पुस्तकों की खरीद समेत विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, लखनऊ द्वारा प्रकाशित राजभाषा पत्रिका ह्यआयुषवाणीह्ल के प्रथम अंक का विमोचन भी किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने पत्रिका को हिंदी के प्रचार-प्रसार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसकी सराहना की।

## युवाओं के लिए खुलेंगे नए मौके- पीएम मोदी

**नई दिल्ली**

अमेजन के रिकॉर्ड 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे पता चलता है कि दुनिया भर में भारत में निवेश करने में दिलचस्पी बढ़ रही है। यह बयान नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी और अमेजन के सीईओ एंडी जैसी के बीच हुई एक हाई-लेवल मीटिंग के बाद आया, जिसमें इस बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनी ने घोषणा की कि वह 2026 और 2030 के बीच भारत में 48 अरब डॉलर की पूंजी लगाएगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, मिस्टर एंडी जैसी



के साथ बहुत अच्छी मीटिंग रही। मैं भारत में अमेजन के रिकॉर्ड 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत करता हूँ। इससे हमारे युवाओं के लिए नए मौके बनेंगे। साथ ही, इससे पता चलता है कि दुनिया भर में भारत में निवेश करने में दिलचस्पी बढ़ रही है। प्रधानमंत्री का यह पोस्ट अमेजन के सीईओ एंडी जैसी के उस पोस्ट के जवाब में था, जिसमें उन्होंने कन्फर्म किया था कि अमेजन अगले पांच सालों में भारत में 48 अरब वरऊ का निवेश करेगा।

एंडी जैसी ने लिखा था कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ भारत में अमेजन के भविष्य को लेकर हुई मीटिंग बहुत अच्छी रही। हम एक दशक से ज्यादा समय से भारत में कस्टमर्स, सेलर्स, डेवलपर्स, स्टार्टअप्स और एंटरप्राइजेज को सर्विस दे रहे हैं और अभी तो बस शुरूआत ही हुई है। मैंने बताया कि हम अगले पांच सालों में 48 अरब डॉलर का निवेश कर रहे हैं, जिसमें अक और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 21 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश शामिल है।

## 'मुलायम सिंह कहते थे कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं होना चाहिए'

### सीएम योगी ने घेरा, सपा ने दिया जवाब

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप तेज होते जा रहे हैं. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर अखिलेश यादव को घेरा है. इसके बाद अब समाजवादी पार्टी ने भी बीजेपी पर पलटवार किया है.

समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल ने एक्स हैंडल पर लिखा, "जो कभी आपको भीख मंगवाने के दावे करता था, आज उसे मन मारकर आपको अपना साथी मंत्री बनाना पड़ा है, अपने साथ कुर्सी पर बिठाना पड़ा है और मजे की बात ये कि वो अभी भी आपको वहीं कहीं भेजने के लिए शिद्दत से प्रयासरत है. है ना मजे की बात आदित्यनाथ जी?"

**योगी आदित्यनाथ का अखिलेश यादव पर हमला**

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव को घेरते हुए कहा, "जो लोग संविधान की प्रतियां लेकर घूम-घूमकर जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं, इनके दोहरे चरित्र को जनता के सामने उजागर किए जाने की जरूरत है. उस समय इंदिरा गांधी के अत्याचार के कारण जो लोग लोकतंत्र के समर्थन में जेल की यात्रा कर रहे थे. इंदिरा गांधी के आदेश से उस अत्याचार की चपेट में पिस रहे थे, ऐसे लालू प्रसाद यादव जी हो, मुलायम सिंह यादव हों, इनकी वर्तमान पीढ़ी क्या कर रही है? आज उसी कांग्रेस के साये में राजनीति करते दिखाई दे रहे हैं."

**ये मुलायम सिंह की विरासत को डूबोने के लिए उतारू- सीएम योगी**

उन्होंने आगे कहा, "जब भी समाजवादी पार्टी



कांग्रेस के साथ गठबंधन का प्रयास करती थी तो मुलायम सिंह यादव उसका विरोध करते थे. कहते थे कि सबकुछ हो जाएगा लेकिन कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं होना चाहिए लेकिन उनके उत्तराधिकारी क्या कर रहे हैं? उनका आचरण देख लीजिए. वो कांग्रेस के डूबते हुए जहाज पर सवार होकर मुलायम सिंह की विरासत को भी डूबोने के लिए उतारू हैं. कांग्रेस ने लोकतंत्र को कुचला था और इनकी भी लोकतंत्र में कोई निष्ठा नहीं है.

**सपा-कांग्रेस साथ जुड़कर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं- योगी**

मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाते हुए कहा, "इनकी जब सत्ता थी तो इन्होंने लोकतंत्र को कुचलने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ा था. इन्होंने भी सभी संस्थाओं पर हमला किया था. ये कार्यपालिका, न्यायपालिका या प्रेस पर बराबर हमला करते थे. ये किसी का सम्मान नहीं करते थे. इसलिए अपने समान उद्देश्य के लिए आज भी एक दूसरे के साथ जुड़कर देश के लोकतंत्र को कमजोर करने, परिवारवाद की राजनीति को प्रोत्साहित करने के लिए, भारत के संवैधानिक मान्यताओं के विपरीत आचरण करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं।

### नॉर्मल कैटेगरी 2,500 और तत्काल में 5,000, साल 2012 के बाद फीस में हुआ बड़ा बदलाव

## पासपोर्ट बनवाना हो गया महंगा...

**नई दिल्ली**

सरकार ने गुरुवार को लगभग 14 साल में पहली बार पासपोर्ट फीस बढ़ाई है। 1 जुलाई से नए पासपोर्ट की कीमत नॉर्मल स्कीम के तहत 2,500 रुपये और तत्काल स्कीम के तहत 5,000 रुपये हो जाएगी। यह नई फीस लिस्ट विदेश मंत्रालय (टएअ) के उस स्पष्टीकरण के एक दिन बाद जारी की गई, जिसमें कहा गया था कि पासपोर्ट मुख्य रूप से यात्रा का दस्तावेज है, न कि भारतीय नागरिकता का सबूत। नई दरों के तहत, 18 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए नया




36-पेज का पासपोर्ट या उसे दोबारा जारी करवाने का खर्च नॉर्मल स्कीम में 1,500 रुपये से बढ़कर 2,500 रुपये हो जाएगा, जबकि तत्काल फीस 3,500 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये कर दी गई है।

इसी तरह, 60-पेज के पासपोर्ट के लिए फीस नॉर्मल कैटेगरी में 2,000 रुपये से बढ़ाकर 3,500 रुपये और तत्काल कैटेगरी में 4,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये कर दी गई है। विदेश मंत्रालय (टएअ) ने पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026 के जरिए फीस का नया स्ट्रक्चर जारी किया है। 2012 में पासपोर्ट की फीस आखिरी बार बढ़ाई गई थी, उसके बाद से यह पहला बड़ा बदलाव है।

**अलग-अलग कैटेगरी में नए पासपोर्ट की फीस**

खोए या खराब हुए पासपोर्ट को बदलवाने के लिए भी आवेदकों को काफी ज्यादा पैसे देने होंगे। 36-पेज वाले पासपोर्ट को बदलवाने की कीमत अब नॉर्मल स्कीम के तहत 5,000 रुपये और तत्काल स्कीम के तहत 7,500 रुपये होगी, जबकि 60-पेज वाले पासपोर्ट को बदलवाने की कीमत क्रमशः 6,000 रुपये और 8,500 रुपये होगी।

18 साल से कम उम्र के आवेदकों के लिए, नया या दोबारा जारी होने वाले 36-पेज के पासपोर्ट की कीमत नॉर्मल स्कीम के तहत ?1,750 और तत्काल स्कीम के तहत ?4,250 होगी।

## मेरे खिलाफ नफरत फैला रहे हैं, कामयाब नहीं होंगे: भगवंत मान

**पंजाब**

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को आरोप लगाया कि उनकी छवि खराब करने के लिए उनके नकली वीडियो फैलाए जा रहे हैं और दावा किया कि राजनीतिक फायदे के लिए धार्मिक आदेशों या 'हुकमनामों' का इस्तेमाल किया जा रहा है। एक कथित वायरल वीडियो को लेकर मचे विवाद के बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि वे लोगों के मन में मेरे प्रति नफरत पैदा करने की कोशिश कर



रहे हैं, लेकिन वे सफल नहीं होंगे। इस वीडियो में उन्हें कथित तौर पर शराब पीते और धार्मिक तस्वीरों पर शराब छिड़कते हुए दिखाया गया है। भगवंत मान ने कहा कि वे मुझसे राजनीतिक तौर पर नहीं लड़ सकते, इसलिए वे मुझे धार्मिक आधार पर बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं श्री अकाल तख्त को चुनौती नहीं दे सकता। वीडियो में दिख रहा व्यक्ति मैं नहीं हूँ...तीनों राजनीतिक पार्टियां मुझे बदनाम करने के लिए एकजुट हो गई हैं। मान ने आरोप लगाया कि उन्हें धार्मिक आधार पर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है और कहा कि उन्हें बदनाम करने के मकसद से ही ऐसे आदेश अक्सर जारी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमारी सरकार ने ही सबसे ज्यादा काम किया है।

# कोरांव में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन

## कोरांव के 29 शेष मेजा उरुवा मांडा सहित कुल 42, जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**अखंड भारत संदेश**




**कोरांव।** बृहस्पतिवार 25 जून को कोराँव के एक गेस्ट हाउस मैरिज हाल में उक्त योजना के तहत ब्यालीस जोड़ों की शादी निकाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक कोराँव विधान सभा राजमणि कोल ने वर वधुओं को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिए और सरकार द्वारा प्रदत्त उपहार भेंट किये. उन्होंने सरकार की योजना का बखान किया! विधायक ने कहां कि भाजपा सरकार ने हर गरिबो का हर वर्ग का विकास किया है और कर रहीं है. उन्होंने सभी जोड़ों को शिछा के साथ साथ घर के सभी सास ससुर बुजुर्गों का सम्मान करने उनकी खिदमत करते रहने का आह्वान किया. ताकि उनकी दुआएं आपको मिलती रहें।

कार्यक्रम की सदारत डीसी मनरेगा प्रयागराज गुलाब चंद्र ने की, विधायक के अतिरिक्त बीडीओ मेजा अमित सिंह, एडीओ पंचायत कोराँव विवेक मिश्रा, मेजा मांडा उरुआ तथा एडीओ समाज कल्याण कोराँव मोहम्मद आरिफ खान, राजेसवरी तिवारी भाजपा लीडर, अखंड पाण्डे विधायक पिआरओ, भी गंगा प्रसाद मिश्रा ब्लॉक प्रमुख मेजा रामानुज यादव ब्लॉक अध्यक्ष प्रधान संघ और प्रसाशक ग्राम पंचायत अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे सहित अन्य पदाधिकारी सचिव गण सहभागी रहे. पुलिस बल फायर ब्रिगेड के प्रभारी राजकुमार यादव उपस्थित रहे., आयोजन का संचालन बबलू सिंह बहियारी ने किया।

# सफलता के लिए कठिन परिश्रम व आत्मविश्वास जरूरी : प्रवीण पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** कठिन परिश्रम के साथ दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास हो तो सफलता जरूर मिलती है। उक्त बातें फूलपुर लोकसभा के सांसद प्रवीण पटेल ने गुरूवार को लेफ्टिनेंट पद पर चयनित अमन पाल के सम्मान समारोह में आयोजित युवाओं को प्रेरित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। ईशा आरडीपी स्कूल एण्ड कालेज के प्रबंधक विजय पाल ने अमन पाल को बधाई देते हुए कहा की वर्तमान समय में जहां युवा सोशल मीडिया पर अपने कीमती समय को जाया कर रहे हैं वहीं लेफ्टिनेंट अमन पाल सेल्फ अध्ययन कर सभी के प्रेरणास्त्रोत बने हैं। युवाओं के हौसले को आफजाई करते हुए कहा की भविष्य में निश्चित रूप से क्षेत्र से और भी होनहार इस तरह की उपलब्धि अर्जित कर सम्मानित होंगे। मौके पर रणविजय यादव, बाबादीन पाल, अशोक यादव (नेता), रामभवन पाल, रामदीन पाल, मूलचंद पाल, शैलेन्द्र पाल, संदीप दूबे, गप्पू प्रधान, महेंद्र पाल, कामता प्रसाद पाल , कृष्ण राज पाल, अनिरुद्ध पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



अमन पाल को सम्मानित करते क्षेत्रीय ग्रामीण

# सड़क दुर्घटना में पुत्र की दर्दनाक मौत, पिता घायल



**जंघई।** चौकी खुर्द गाँव निवासी आशीष पांडेय उम्र 25 वर्ष अपने पिता केशमणि पांडेय के साथ गुरुवार सुबह अपनी बाइक से सुजानगंज गए हुए थे वहां से दोपहर लौटते समय मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के मतरी बाजार के निकट चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आशीष सड़क पर गिर पड़े और चार पहिया वाहन उनके आधे शरीर पर चढ़ गया, वहीं बाइक पर बैठे पिता को हल्की फुल्की चोट लगी। टक्कर के बाद एंबुलेंस की मदद से घायल पिता पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत नाजुक देख पुत्र को जिला अस्पताल जौनपुर रेफर कर दिया गया। जबकि पिता का इलाज कर घायल पुत्र के साथ जिला अस्पताल भेज दिया गया किंतु रास्ते में ही घायल पुत्र की मौत हो गई जिला अस्पताल में चिकित्सक ने आशीष को देखते ही मौत की पुष्टि कर दी। घटना की जानकारी पर पहुँची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक युवक तीन भाई बहन था। मृतक का अभी विवाह नहीं हुआ था वह मुंबई में निजी कंपनी में कार्य करते थे आशीष की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जारी बाजार में व्यापारियों ने विधायक वाचस्पति का किया जोरदार अभिनंदन



**कौंधियारा।** जारी नहर चौराहे पर गुरुवार को स्थानीय व्यापारियों एवं वैश्य समाज के लोगों ने बारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का आयोजन बाजार व्यापारी नेता एवं वैश्य समाज यमुनापार संगठन के संयोजक बबलू केसरवानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान व्यापारियों ने विधायक को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, बाजार के विकास तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने व्यापारियों की मांगों और सुझावों को प्राथमिकता के साथ संबंधित विभागों तक पहुंचाने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में सरोज केसरवानी, वीरेंद्र केसरवानी, डब्लू केसरवानी, रोहन केसरवानी, रवि केसरवानी, प्रमोद तिवारी, विधायक प्रतिनिधि नीरज केसरवानी, श्यामू बिंद, रमेश पटेल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

## खेत गई महिला के साथ अश्लील हरकतें मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र एक गांव की एक महिला का कहना है कि वह 18 जून को खेत में मूंग तोडने गई थी। आरोप है कि गांव का एक युवक खेत में आकर उसके साथ अश्लील हरकतें तथा छेड़खानी करने लगा।महिला का आरोप है कि शोर मचाने पर आरोपी युवक भाग गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी के घर उलहना देने पर गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी देकर उसके परिजन भगा दिए। महिला ने आरोपी युवक आशाराम पटेल, और उसके परिजन राम कुमार, अनमोल, अनुराग,सरगम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को घर-घर पहुंचाएंगे कार्यकर्ता, भाजपा ने बनाई रणनीति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार इकाई ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पक्ष को प्रभावी ढंग से मनाने के लिए गुरुवार को जिला योजना बैठक आयोजित कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों से डॉ. मुखर्जी के विचारों और योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।



रामपुर स्थित एक विद्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने की, जबकि भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी अमरनाथ यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में 23 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले संस्मरण पक्ष के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा और योजना पर चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि अमरनाथ यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उनके विचार और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं तथा उन्हें समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके आदर्शों को अपनाकर संगठन को मजबूत बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संस्मरण पक्ष के कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में आपातकाल के दौरान संघर्ष करने वाले मीसाबंदियों के योगदान को भी याद किया गया। साथ ही पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों और काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। आगामी ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

इस दौरान जिला आईटी संयोजक सतीश विश्वकर्मा ने कार्यकताओं को डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम और ऑनलाइन प्रशिक्षण की जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी ने किया।

बैठक में जिला महामंत्री प्रदीप पांडे, रामसुख कुशवाहा, रत्नाकर पटेल सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और अभियान प्रमुख मौजूद रहे।

# अवैध गिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्तः कोरांव तहसीलदार और मांडा एसआई ने की कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** कोरांव तहसीलदार और मांडा पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। इस ट्रैक्टर पर ओवरलोड गिट्टी लदी हुई थी, जिसके संबंध में चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।यह कार्रवाई गिरधरपुर-कोरांव रोड पर कुरहरा मोड़ के पास की गई। मांडा उपनिरीक्षक आमिर खान उस्मानी अपने हमराहियों के साथ और तहसीलदार कोरांव रोशनी सोलंकी अपनी राजस्व टीम के साथ अवैध खनन और उसके परिवहन में लगे वाहनों की जांच कर रहे थे।

जांच के दौरान, कोरांव की ओर से एक संदिग्ध ट्रैक्टर आता दिखा, जिस पर क्षमता से अधिक गिट्टी लदी थी। टीम ने ट्रैक्टर को रुकवाकर चालक से पूछताछ की। चालक ने अपना नाम दीपक सैन, पुत्र रामलाल सैन, निवासी भमराह, हनुमना, मध्य प्रदेश बताया।

जब उससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लदी गिट्टी से संबंधित अधिकार पत्र और वाहन के कागजात मांगे गए, तो वह उन्हें दिखाने में असमर्थ रहा। इसके बाद, अवैध खनन और ओवरलोडिंग के आरोप में ट्रैक्टर (न्यू हॉलैंड, नंबर UP63BK3037) और ट्रॉली को गिट्टी सहित जब्त कर लिया गया। संबंधित विभाग को भी इस संबंध में रिपोर्ट भेज दी गई है।

## फाफामऊ-बाईपास रेलवे लाइन के दोहरीकरण को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**प्रयागराज।** फाफामऊ क्षेत्र में प्रस्तावित फाफामऊझबाईपास रेलवे लाइन के दोहरीकरण परियोजना को गति देने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना के एलाइनमेंट, भूमि अधिग्रहण और तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी विभागों को समन्वय बनाकर कार्य को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। गुरुवार को एनआईसी सभागार में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की इस प्रस्तावित परियोजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने रेलवे विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों से डीपीआर के आधार पर तैयार किए गए एलाइनमेंट की जानकारी ली। परियोजना के तहत फाफामऊ बाईपास ए केबिन से फाफामऊ बाईपास बी केबिन तक लगभग 2.736 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का दोहरीकरण प्रस्तावित है। बैठक में भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई, जिसके अंतर्गत लगभग 10,225 वर्ग मीटर भूमि का अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। यह भूमि फाफामऊ, बहमलपुर, कोरसंद और रंगपुरा क्षेत्रों में आती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि परियोजना से संबंधित किसी भी प्रकार की बाधा को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए और आवश्यक सूचनाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। रेलवे अधिकारियों ने बैठक में परियोजना की वर्तमान स्थिति और डीपीआर के साथ तैयार किए गए एलाइनमेंट का विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि परियोजना को तय समय सीमा में पूरा किया जा सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी लाई जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) संजीव कुमार शाक्य सहित रेलवे एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारतगंज में खुला "द कोडिंग एकेडमी" कंप्यूटर सेंटर आधुनिक तकनीकी शिक्षा के साथ प्लेसमेंट की सुविधा

**मांडा।** मोहम्मद अली रोड, भारतगंज में द कोडिंग एकेडमी कंप्यूटर सेंटर का शुभारंभ किया गया है। सेंटर के संचालक मोहम्मद अफजल अंसारी ने बताया कि संस्थान में छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेंटर में डी.सी.ए., ए.डी.सी.ए., ओ. लेवल सहित विभिन्न कंप्यूटर एवं तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन कोर्सों का उद्देश्य छात्रों को वर्तमान डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करना है, जिससे वे रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। मोहम्मद अफजल अंसारी के अनुसार, संस्थान केवल प्रशिक्षण ही नहीं देता बल्कि योग्य छात्रों को प्लेसमेंट सहायता भी उपलब्ध कराता है। उनका कहना है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कई छात्र अच्छी कंपनियों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कार्य कर रहे हैं तथा आकर्षक आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे एक बार संस्थान का भ्रमण करें और आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ उठाएं।

## भारतगंज प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का रोली-टीका से स्वागत




### 'स्कूल चलो अभियान' के तहत विद्यालय को रंग-बिरंगी झंडियों और गुब्बारों से सजाया

**मांडा।** ग्रीष्मावकाश के बाद नए शैक्षिक सत्र 2026-27 का पहला दिन प्राथमिक विद्यालय भारतगंज द्वितीय में उत्साहपूर्ण माहौल में शुरू हुआ। शासन के 'स्कूल चलो अभियान' के तहत विद्यालय को रंग-बिरंगी, झंडियो और गब्बारों से सजाया गया था। विद्यालय पहुंचे बच्चों का पारंपरिक रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस आत्मीय स्वागत से बच्चों के चेहरे खिल उठे और पूरे परिसर में खुशी का माहौल बन गया। प्रधानाध्यापक निसार अहमद ने बच्चों का अभिनंदन किया। उन्होंने छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। निसार अहमद ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। इस अवसर पर अंशुमान सिंह, दिनेश कुमार और गायत्री देवी सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बच्चों का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया। विद्यालय की स्वच्छता, सजावट और स्वागत कार्यक्रम ने अभिभावकों तथा ग्रामीणों का भी ध्यान आकर्षित किया। 'स्कूल चलो अभियान' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को संवारने और उनके भविष्य को दिशा देने का केंद्र है।

# लेफ्टिनेंट अमन पाल ने बढ़ाया क्षेत्र का मान सांसद प्रवीण पटेल ने किया सम्मानित



**सहसों।** कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास ही सफलता की असली कुंजी हैं। इन मूल्यों को साकार करते हुए लेफ्टिनेंट बने देवनहरी गांव निवासी महराज दीन पाल के पुत्र अमन पाल ने परिवार, समाज और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके सम्मान में सेमरी गांव में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल ने यह बात कही।

सांसद ने कहा कि आज के दौर में जहां अधिकांश युवा सोशल मीडिया पर अपना बहुमूल्य समय व्यर्थ कर रहे हैं, वहीं अमन पाल ने आत्म-अध्ययन, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि अमन की इस उपलब्धि से प्रेरित होकर क्षेत्र के अन्य प्रतिभाशाली युवा भी देश सेवा और उत्कृष्ट उपलब्धियों की ओर अग्रसर होंगे। समारोह में ईशा आरडीपी स्कूल एंड कॉलेज, बाबूगंज के प्रबंधक विजय पाल तथा अधिवक्ता रणविजय यादव ने भी लेफ्टिनेंट अमन पाल को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और युवाओं से उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बाबादीन पाल, अशोक यादव (नेता), रामभवन पाल, रामदीन पाल, मूलचंद पाल, शैलेन्द्र पाल, संदीप दूबे, शिवनारायण सिंह ह्यगप्पूह्न, प्रधान महेंद्र पाल, कामता प्रसाद पाल, कृष्ण राज पाल, अनिरुद्ध पाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीएमओ प्रयागराज ने संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर में फल वितरण कर दिया सेवा भाव का संदेश



**प्रयागराज।** संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर परिसर में गुरुवार को श्रद्धालुओं एवं जरूरतमंदों के बीच फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. तिवारी ने सहभागिता करते हुए स्वयं फल वितरित किए और सेवा भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ बड़े बाबू अवधेश कुमार, राजकुमार गुप्ता, चीफ फार्मासिस्ट रवि श्रीवास्तव तथा धर्मेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगम थाना के प्रभारी निरीक्षक सहित विजय प्रकाश, हरेंद्र सिंह, पर्वत राज, विनोद सिंह, आशुतोष त्रिपाठी और आशीष यादव ने भी सक्रिय सहयोग किया। फल वितरण के दौरान श्रद्धालुओं ने इस सामाजिक पहल की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ जरूरतमंदों की सहायता का माध्यम बनते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।

# छीड़ी में शुरू हुआ भव्य द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, उमड़ा जनसैलाब

**बारा,प्रयागराज।** प्रयागराज की पावन धरा के अंतर्गत बारा क्षेत्र के ग्रामसभा-छीड़ी में स्थित ऐतिहासिक श्री पथरबन्धी महादेवालय के प्रांगण में दो दिवसीय भव्य 'द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव' का शंखनाद हो गया है। इस अलौकिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल है और चारों ओर 'हर हर महादेव' के जयघोष गूंज रहे हैं। ?महोत्सव के पहले दिन (24 जून) ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी तिथि को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक परिधानों में सजी सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर क्षेत्र का भ्रमण किया। वैदिक मंत्रोच्चार, ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि के बीच निकली इस यात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों और शिवभक्तों द्वारा जगह-जगह कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। गुरुवार को विधि-विधान और पूर्ण वैदिक कर्मकांड के साथ द्वादश ज्योतिलिंगों की प्राण प्रतिष्ठा की गई है । भारत के कोने-कोने में विराजमान सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, काशी विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, वैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम और घृष्णेश्वर महादेवकल्याणकारी स्वरूपों को एक ही प्रांगण में स्थापित किया गया है।

धार्मिक अनुष्ठानों की पूणार्हूति के पश्चात एक विशाल महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। ?आयोजक मंडल के सदस्यों ने बताया कि श्री पथरबन्धी महादेवालय में बारह ज्योतिलिंगों का एक साथ स्थापित होना पूरे प्रयागराज और विशेषकर बारा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण है। अब भक्तों को एक ही स्थान पर द्वादश ज्योतिलिंगों के दर्शन और पुण्य का लाभ मिल सकेगा।इस मौके पर विधायक बारा डॉ वाचस्पति, ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह,पंकज तिवारी, नीरज शुक्ला,मातृ दत्त पाण्डेय, नंदकुमार शुक्ला, सतेन्द्र शुक्ला, सतीश गुप्ता (प्रधान ),नंदन शुक्ला, निखिल शुक्ला सहित अन्य कई लोग रहे।

# वृक्षारोपण की तैयारियां समय से पूरी करें, पौधों के संरक्षण पर भी दें विशेष ध्यान : डीएम

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जिले में प्रस्तावित वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन की भी प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि पौधों की जीवित रहने की दर अधिकतम हो सके।

गुरुवार को संगम सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा चिन्हित वृक्षारोपण स्थलों और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से स्थल चयन, क्षेत्रफल, लक्ष्य के अनुरूप खोदे गए गड्ढों की संख्या और प्रस्तावित पौधरोपण की विस्तृत जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विभाग एक सप्ताह के भीतर वृक्षारोपण से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि पौधों की सिंचाई, सुरक्षा और नियमित देखभाल की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्थानीय नर्सरियों से समन्वय स्थापित कर अच्छी गुणवत्ता के बड़े पौधे उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज का नैतिक दायित्व भी है। अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि हरित आवरण बढ़ाने के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपनी तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित मुख्य विकास अधिकारी और प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पौधरोपण के बाद जियो टैगिंग कर हरितिमा एप पर अपलोड करना अनिवार्य बताया।

गंगा और सहायक नदियों पर निर्माण से पहले लेनी होगी अनुमति

जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों के तटों अथवा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का स्थायी या अस्थायी निर्माण कार्य शुरू करने से पहले राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, एनएचएआई सहित अन्य विभागों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी प्रस्ताव जिला गंगा समिति के माध्यम से भेजे जाएं। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी को इको सेंसिटिव जोन के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन कर आवश्यक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश भी दिए गए।

**सिंगल यूज प्लास्टिक और चाइनीज मांझे पर कार्रवाई के निर्देश**

जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान की समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम और संबंधित विभागों को इस दिशा में लगातार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा चाइनीज मांझे के भंडारण, परिवहन और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने को कहा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार यादव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ऋण वितरण में तेजी लाकर बढ़ाएं सीडी रेशियो, बैंकों को सीडीओ के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिले में बैंकिंग योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए बैंकों को ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने कहा कि पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध ऋण उपलब्ध कराकर क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) रेशियो में सुधार लाना सभी बैंकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

गुरुवार को संगम सभागार में आयोजित विशेष जिला सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक में विभिन्न बैंकिंग योजनाओं, वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों, कृषि, उद्योग, स्वरोजगार और अन्य प्राथमिकता क्षेत्र ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बैंकों के प्रदर्शन का आकलन करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया।

समीक्षा के दौरान जिले के सीडी रेशियो में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने बैंक अधिकारियों से कहा कि केवल जमा राशि बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय ऋण वितरण को भी प्राथमिकता दें, ताकि जिले के आर्थिक विकास को गति मिल सके। कम प्रगति वाले बैंकों को विशेष कार्ययोजना तैयार कर अपने प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएमएफएमई, पीएम स्वनिधि, मत्स्य पालन तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से संबंधित योजनाओं में ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया को तेज किया जाए। पात्र आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और समयबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए बैंक अधिकारियों को संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाना होगा। साथ ही ऋण आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वच्छता अभियान तेज : घरों और प्रतिष्ठानों में चार डस्टबिन रखने के लिए किया जा रहा जागरूक

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनजागरूकता अभियान तेज कर दिया है। अभियान के अंतर्गत लोगों से घरों, दुकानों, ढाबों, रेस्तरां और होटलों में अलग-अलग प्रकार के कचरे के लिए चार डस्टबिन रखने की अपील की जा रही है, ताकि कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा सके।

नगर निगम के सहयोग से संचालित सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट की टीम शहर के विभिन्न मोहल्लों और बाजारों में घर-घर जाकर लोगों को कचरा पृथक्करण के महत्व के बारे में जानकारी दे रही है। टीम नागरिकों को समझा रही है कि सूखा, गीला, मेडिकल और हानिकारक कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित किया जाए, जिससे कचरे के निपटान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल बन सके।

अभियान के तहत लोगों को बताया जा रहा है कि एक डस्टबिन में सूखा कचरा, दूसरे में गीला कचरा, तीसरे में मेडिकल अपशिष्ट और चौथे में हानिकारक सामग्री रखी जाए। साथ ही सुबह नगर निगम की कूड़ा संग्रहण गाड़ी आने पर पृथक किए गए कचरे को उसी में सौंपने की अपील की जा रही है।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए जनसहयोग बेहद जरूरी है। यदि प्रत्येक नागरिक कचरा पृथक्करण और स्वच्छता संबंधी नियमों का पालन करेगा तो प्रयागराज को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाया जा सकता है।

अभियान से जुड़े कर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकें और स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाएं। नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में प्रदेश और देश के अग्रणी शहरों में शामिल करना है।

# मुंबई से लाई जा रही कोडीन सिरप की खेप पकड़ी, 477 शीशियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**प्रयागराज।** नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने छिवकी रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडीन युक्त कफ सिरप की खेप बरामद की है। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 477 शीशियां बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ट्रेन के जरिए मुंबई से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप लेकर प्रयागराज पहुंचने वाला है। सूचना के आधार पर क्षेत्राधिकारी रेलवे अरुण कुमार पाठक के निर्देशन में जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने छिवकी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर निगरानी बढ़ा दी।

जांच के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर उसके पास मौजूद दो सूटकेसों की तलाशी ली गई।



तलाशी में 477 शीशियां ओनेरेक्स ब्रांड की कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद हुईं। बरामद दवा का इस्तेमाल चिकित्सकीय उद्देश्य के अलावा नशे के रूप में भी किया जाता है, जिसके चलते इसकी अवैध तस्करी पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार युवक की पहचान मोहम्मद फाहद (26) निवासी ठाणे, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि वह मुंबई से कफ सिरप की खेप लाकर प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर आपूर्ति करता था। पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। इस संबंध में उसके अन्य सहयोगियों और संभावित खरीदारों की तलाश की जा रही है।

जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद खेप किसे पहुंचाई जानी थी और इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशीले पदार्थों और प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रयागराज में बहुत बड़ी कार्रवाई 86 गेस्ट हाउस, होटल बैंक्वेट हॉल का रजिस्ट्रेशन निरस्त, संचालन पर रोक

जिले में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले 86 गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल, होटल और लॉज का रजिस्ट्रेशन निरस्त करते हुए जिला प्रशासन ने इनके संचालन पर रोक लगा दी है

**प्रयागराज।** जिले में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले 86 गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल, होटल और लॉज का रजिस्ट्रेशन निरस्त करते हुए जिला प्रशासन ने इनके संचालन पर रोक लगा दी है। यह कार्रवाई जनहित में अग्नि सुरक्षा और जीवन रक्षा के मद्देनजर की गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र ने इन प्रतिष्ठानों के सराय एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन निरस्त कर संचालन पर रोक लगाने का आदेश दिया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने आख्या में बताया था कि इन प्रतिष्ठानों के प्रोपराइटर या प्रबंधकों ने संचालन के लिए आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किए हैं। ऐसे में इनका संचालन अग्नि सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक है। इससे लोगों की जान को खतरा हो सकता है।

शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी कार्रवाई

प्रशासन ने जिन संस्थानों के रजिस्ट्रेशन निरस्त करते हुए उनके संचालन पर रोक लगाई है उनमें शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र के भी कई होटल, विवाह घर शामिल हैं। शहर में चाहचंद थाना कोतवाली स्थित दिगंबर जैन पंचायती सभा जैन धर्मशाला, बलरामपुर हाउस में टेंपटेशन, जॉर्जटाउन में पंखुड़ी गार्डन, महात्मा गांधी मार्ग पर हाईकोर्ट के सामने प्लेटिनम इन गेस्ट हाउस समेत कई होटल व गेस्ट हाउस शामिल हैं। इनके रजिस्ट्रेशन निरस्त, लगी रोक

खुशी बैंक्वेट लॉज - लूकरगंज लॉज रिएश - हीवेट रोड प्लेटिनम इन गेस्ट हाउस - महात्मा गांधी मार्ग, हाईकोर्ट के सामने प्लेटिनम इन गेस्ट हाउस - महात्मा गांधी मार्ग मंगलम वाटिका (बारात घर) - कनिहार रोड झूंसी अंबर विला गेस्ट हाउस - मिन्हाजपुर शिव वाटिका केसरवानी मैरिज हाल - रामनगर, मेजा पंखुड़ी गार्डन गेस्ट हाउस/मैरिज हॉल - जार्जटाउन जौहरी गेस्ट हाउस/टैम्पटेशन - बलरामपुर हाउस प्रयाग पैलेस - मिन्हाजपुर राधे-राधे लॉज - मिन्हाजपुर शिव लोक मैरिज हॉल - रामनगर मेजा श्री साई लॉज - काटजू रोड क्षत्रिय सोनार युवक समिति (स्वर्णकार धर्मशाला) - दरियाबाद, कल्याण देवी

दिगंबर जैन पंचायती सभा, जैन धर्मशाला - चाहचंद थाना कोतवाली प्रीमियम लाज - अतरसुइया हैदर लॉज - खुल्दाबाद अक्षर लाज - मिन्हाजपुर श्री सीता राम लॉज - काटजू रोड मिन्हाजपुर रमेश पैलेस - मुट्ठीगंज

न्यू ग्रीन गार्डन/न्यू ग्रीन होटल - स्टैनली रोड, सिविल लाइंस महक गेस्ट हाउस - बड़गांव मिजार्पुर चौहारी, सोरांव अमन पैलेस गेस्ट हाउस/बैंक्वेट हाल - शिवगढ़ चौराहा, सोरांव नारायण वाटिका गेस्ट हाउस - कौड़िहार सुमित्रा गेस्ट हाउस - ग्राम देवघाट पीपलगांव, धूमनगंज आर्यन पैलेस - कालिंदीपुरम जेके महल गेस्ट हाउस - करेली हर्षित गार्डन हाउस - उसरही सोरांव राका इन गेस्ट हाउस - नेवादा अशोक नगर आनंद अतिथि गृह वाटिका - भदरी मलाक हरहर उपरहार शीमा पैलेस - मनसैता थरवई व्याघ्र वंशज रायल पैलेस - राजा की कोठी नगर पंचायत, शंकरगढ़ विश्वनाथ पैलेस - फूलपुर मुक्तान्दनम - लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सिविल लाइंस महादेव गार्डन - पड़िला, फाफामऊ संजीव गार्डन - लूकरगंज जीटी रोड वृंदावन गेस्ट हाउस - बादशाही मंडी संगम कैसल - अतरसुइया शकुंतला गेस्ट हाउस - सिकंदरा रोड, सहसों सैनिक गार्डन - कंजिया कौड़िहार, सोरांव जलसा वैवाहिक स्थल एवं पार्टी लॉन - गद्दोपुर

शंकर विला गेस्ट हाउस- लूकरगंज शगुन पैलेस - उग्रसेनपुर, हंडिया सीपीएस कैसल - नवाब युसूफ रोड, सिविल लाइंस प्रयाग गार्डन - बेली रोड, नया कटरा मां मुरावली देवी गेस्ट हाउस - चौखंडी कीडगंज

गंगा गेस्ट हाउस - दाउद नगर, नैनी जुबा पैलेस - मऊआइमा मेहंदी गार्डन - एल्गिन रोड, सिविल लाइंस शुभ वाटिका - मलाका बलउ, नवाबगंज श्री उर्मिला होटल - लाउडर रोड होटल न्यू श्रीराम - लीडर रोड प्रांजुल इन (लीडर्स एसोसिएट्स) - रुद्राक्षपुरम, स्टैनली रोड होटल स्टार सिटी - लीडर रोड वीके इन - शाहगंज रॉयल होटल - नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइंस

सोनिका गोल्ड - लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सिविल लाइंस उषा कॉन्टिनेंटल - मुट्ठीगंज

शिवा गार्डन - सीओडी गेट धनुआ, रीवा रोड दुल्हन गार्डन - मंसूराबाद अग्रसेन वाटिका - कर्मा रोड, गौहनिया क्राउन गार्डन - टीआईसी चौराहा, मड़ौका रोड यादव भवन - मीरा पट्टी, धूमनगंज संजर पैलेस - नूरुल्ला रोड न्यू लक्ष्मण वाटिका विवाह गृह - चक मुंडेरा कुंभ प्रयाग गेस्ट हाउस - क्रॉस्थवेट रोड पथिक गेस्ट हाउस - एमआईजी योजना, झूंसी संयोग मैरिज हाल - कनिहार बंधवा ताहिरपुर मार्ग, फूलपुर द फमार्हाउस व्यास लॉन्स/बैक्वेट हाल - थार्नहिल रोड, सिविल लाइंस

होटल बाबा विश्वनाथ पैलेस - मिन्हाजपुर रोज वुड - ताशकंद मार्ग, सिविल लाइंस

द रूद्रानी - लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सिविल लाइंस श्रद्धा होटल - महुआरी, नैनी श्री साईं वाटिका - महुआरी, टीएसएल, नैनी डायनेमिक हॉस्पिटैलिटी एवं वेलनेस - दयानंद मार्ग, सिविल लाइंस

टीएनएन वाई-25 इन - एडमॉन्सटन रोड, सिविल लाइंस कासा दी ग्रांड - चिंतामणि रोड, कर्नलगंज गोल्डन मैजेस्टिक - हाशिमपुर रोड डिवाइन स्टे -लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सिविल लाइंस अरबन इन - महात्मा गांधी मार्ग डिवाइन बोसिंग - नैनी राजधानी गार्डन - सरस्वतीपुर उर्फ कौड़िहार मिजार्पुर चौहारी, सोरांव

विश्वनाथ रिसॉर्ट्स - चक दाउद नगर, नैनी सोनू भवन - मधवापुर द गोल्डन - पत्रिका मार्ग, सिविल लाइंस आनंद फार्म एंड रिसोर्ट - सेमरा कल्वना, बारा, घूरपुर अजरा पैलेस मैरिज हाल - इब्राहिमपुर लालगोपालगंज, सोरांव

# प्रधान की आपबीती दास्तान


# तुम्हारे अधिकारी डीएम और कमिश्नर हैं उन्हीं के पास जाओ और न्याय पाओ

## मेजा पुलिस से उठा भरोसा तो पीड़ित प्रधान ने लगाई डीएम प्रयागराज से लगाई न्याय की गुहार कहा साहब आरोपी से सांठ गांठ कर पुलिस करवा सकती है मेरी हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** तुम्हारे अधिकारी डीएम और कमिश्नर हैं उन्हीं के पास जाओ और न्याय पाओ। चौंकिए नहीं यह शब्द किसी आम आदमी अथवा साधु महात्मा नहीं बल्कि क्षेत्ररक्षण और आम जनता की सेवासुरक्षा में लगी मेजा थाने के जिम्मेदार अधिकारी के हैं। दरअसल प्रकरण ही एक ऐसा सामने आया है जिसमें मेजा पुलिस और थाने के जिम्मेदारों पर आरोप लगना लाजमी है। ऐसे में गांव की सरकार चला रहे प्रधान ने प्रदेश की सरकार चलाने वाले योगी बाबा से बड़ा सवाल करते हुए कहा कि मेरे विपक्षियों से सांठ गांठ कर मेरी हत्या कराने की फिराक में लगी आपकी पुलिस आखिर कब सुधरेगी और मुझ प्रधान को न्याय कैसे मिलेगा ?

उल्लेखनीय है कि मेजा थाना क्षेत्र के विकास खंड मेजा के मेड़रा गांव के प्रधान रामधारी बिंद ने गुरुवार को डीएम प्रयागराज को दिए गए शिकायती पत्र में इस बात का जिक्र करते हुए लिखा है कि उनके गांव का ही उनका विपक्षी राजू उर्फ राजीव बिंद जो कूटरचना,षडयंत्र और जाल साजी के तहत उनके नाम का फर्जी मोहर लेटरपैड तैयार कर गलत कार्यों में इस्तेमाल करने के मामले में उनके द्वारा मेजा थाने में लिखाए गए धोखाधड़ी के मुकदमे का वंचित आरोपी है। प्रधान के अनुसार मुकदमें सुलह के लिए आरोपी और उसके कथित कुछ गुर्गों द्वारा काफी दबाव डाला जा रहा था। प्रधान के इंकार करने पर हत्या जैसी विभिन्न प्रकार की धमकियां दी जा रही थी जिसके संबंध प्रधान रामधारी बिंद बराबर


वर्तमान प्रधान मेड़रा रामधारी बिंद

थाने में शिकायत करते रहे। तहरीर में प्रधान का आरोप है कि मेजा पुलिस और थाने के जिम्मेदार लोग उनकी शिकायत सुनने के और आरोपी की गिरफ्तारी के बजाय संरक्षण देते रहे जिसके कारण पुलिस संरक्षण प्राप्त आरोपी थाने में लिखे गए मुकदमें में प्रधान द्वारा सुलह न करने पर बीते 9 जून 2026 की रात लगभग 9.30 बजे आरोपी अपने दर्जनों गुर्गों के साथ प्रधान के घर पर दावा बोल दिया और लोहे की रॉड तथा धारदार हथियार से प्रधान और उनके परिजनों पर प्राण घातक हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई थी जिसमें पुलिस ने दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। प्रधान के अनुसार मजे की बात तो यह कि जिस दिन आरोपी आपने दर्जनों गुर्गों के साथ प्रधान के घर पर दावा बोला था उस दिन भी समय लगभग 3 बजे दिन आरोपियों ने प्रधान को जान से मारने के लिए दौड़ाया था जिसके संबंध में 9 जून को ही 6 बजे शाम प्रधान ने हत्या की आशंका से थाने में लिखित तहरीर दिया था लेकिन जिम्मेदारों ने कोई एक्शन नहीं लिया जिसके वजह से पुलिस संरक्षण प्राप्त मनबढ़ उक्त घटना को अंजाम दिए थे। डीएम प्रयागराज को दी गई शिकायत में प्रधान ने मेजा पुलिस और जिम्मेदारों पर यह भी आरोप लगाया कि यदि समय रहते उनकी शिकायत पुलिस कार्यवाही की होती तो यह वारदात न होती। इतना ही नहीं प्रधान रामधारी ने शिकायत में पुलिस पर यह भी आरोप लगाया है कि वे जब भी स्वयं मामले और आरोपियों द्वारा की जा रही गुंडई दबंगई के बाबत थाने में शिकायत करने जाते हैं तो वहां की पुलिस और जिम्मेदार अधिकारी यह कह कर थाने से डांटकर भगा देते हैं कि तुम्हारे अधिकारी डीएम और कमिश्नर हैं तुम उन्हीं के पास जाओ और न्याय पाओ। दरअसल प्रधान ने इसके पूर्व कुछ शिकायतें प्रयागराज के डीएम और कमिश्नर की थी इसी से मेजा पुलिस और थाने के जिम्मेदार खुन्नस खाए बैठे हैं और डरे सहमे प्रधान की थाने में कोई सुनवाई न होने पर गुरुवार उन्होंने पुनः जिले के कलेक्टर से आपबीती बताई और न्याय गुहार लगाई है। ऐसे में प्रदेश के मुखिया से यह सवाल करना लाजमी है कि गांव की सरकार चलाने वाले प्रधान/प्रशासक से मेजा पुलिस को इतनी नफरत क्यों ? क्या मेजा थाना वहां पुलिस कर्मियों और जिम्मेदारों की निजी जागीर है ? हालांकि मेजा पुलिस की मिलीभगत से विपक्षियों द्वारा स्वयं की हत्या होने की आशंका व्यक्त करने वाले प्रधान का मेजा पुलिस पर अब भरोसा नहीं है जिसको लेकर उन्होंने डीएम प्रयागराज को अवगत कराते हुए लिखित तहरीर दिया है। फिलहाल प्रधान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने कमिश्नर को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# कुकुरकटवा ट्रिपल मर्डरकांड : दोषियों पर होगा बुलडोजर एक्शन और पीड़ित परिवार को मिलेगा न्याय : मंत्री राकेश राठौर

**मेजा।** मेजा के कुकुरकटवा गांव में बीते दिनों हुए सनसनीखेज ट्रिपल मर्डरकांड के बाद सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। यूपी के नगर विकास मंत्री राकेश राठौर ह्यगुरुह्न गुरुवार को घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से बंद कमरे में मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनकी मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान मंत्री राठौर ने कड़े तेवर में कहा कि यह जघन्य अपराध


कुकुरकटवा पीड़ित परिवार के बीच संवेदना व्यक्त करते मंत्री राकेश राठौर गुरु

बेहद निंदनीय है और ऐसे अपराधियों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और उनके अवैध निमार्णों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई भी कराई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता है। सरकार उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।उन्होंने आगे कहा कि मैं साहू समाज का बेटा हूं और अपने समाज के सम्मान के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी और उनकी सभी जायज मांगों को पूरा कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान मंत्री ने पीड़ित परिवार को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया, वहीं साहू समाज की ओर से एक लाख 20 हजार रुपये नकद देकर आर्थिक सहायता की गई।

इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय वैश्य महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता, लोकपति गुप्ता, अशोक गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुखलाल साहू, सेठ लाल गुप्ता, मदन गुप्ता और गिरिजा शंकर गुप्ता सहित कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## बाईपास निर्माण में मुआवजा न मिलने से आक्रोशित किसानों ने दिया धरना, सीएम को संबोधित सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश




**लालगंज।** रायपुर तियांई से चिरकुटी बाजार के लिए स्वीकृत हुए निमार्णाधीन बाईपास को लेकर प्रभावित किसानों को मुआवजा न मिलने से किसानों का आक्रोश बढ़ता दिख रहा है। गुरूवार को भारतीय किसान आंदोलन के बैनरतले बड़ी संख्या में जुटे प्रभावित किसानों ने तहसील परिसर मे धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में किसानो ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को सौंपा। ज्ञापन में इस बात पर आक्रोश जताया गया है कि बाईपास के लिए किसानों की जमीन के अधिग्रहण की उन्हें नोटिस नही दी गयी। राष्ट्रीय अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रभावित किसानों को मुआवजा न दिया जाना अक्षम्य है। उन्होने कहा कि मुआवजा मिलने तक यदि किसानो के खेत में भौगोलिक परिवर्तन किया गया तब इसका जोरदार विरोध होगा। धरना प्रदर्शन का संचालन जिलाध्यक्ष राकेश गिरि ने किया। इसके बाद किसानो ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने किसानों को समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर महिला मण्डल अध्यक्ष अनीता गौतम, तहसील इकाई अध्यक्ष गीता देवी, रामदीन, सुभाष, रमेश कुमार यादव, आशीष पाल, दिनेश कुमार, दुर्गेश, राजकुमार, छोटे लाल वर्मा, राजपति, लखपती, कमला देवी, निर्मला आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रेडीगारापुर गांव निवासी युवक सुरेंद्र प्रताप सिंह बाइक से किसी काम के सिलसिले में पट्टी आ रहे थे। गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे जैसे ही वह भानेपुर गेट के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुरेंद्र प्रताप सिंह बाइक समेत सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पहुंची पट्टी पुलिस ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया।सीएचसी में चिकित्सकों ने जांच के दौरान पाया कि युवक के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया।सीएचसी पट्टी के डॉक्टर नीरज सिंह ने बताया कि घायल युवक को गंभीर चोटें लगी थीं, प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ भेजा गया है।

## सिलेंडर पाइप लीकेज से मिठाई की दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का नुकसान



**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उडैयाडीह बाजार चौराहे पर रविवार सुबह गैस सिलेंडर की पाइप लीकेज से मिठाई व नाश्ते की दुकान में आग लग गई। आग लगते ही बाजार में भगदड मच गई। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बडा हादसा नहीं हुआ।आसपास के दुकानदारों ने अपने दुकान में रखे अग्नि समन यंत्र से आग पर किसी तरह काबू पाया।हादसे में लाखों रुपये का सामान और मिठाइयां जलकर खाक हो गईं।

उक्त बाजार निवासी बद्री प्रसाद मोदनवाल की उडैयाडीह बाजार में मुख्य चौराहे के बगल मिठाई व चाय नाश्ते की दुकान है। सुबह करीब आठ बजे गैस सिलेंडर की पाइप में अचानक आग लग गई।जबतक दुकानदार कुछ समझ पाता आग बिकराल रूप पकड़ लिया और इस दौरान दुकानदार का मोबाइल व मिठाई काउंटर, गल्ले की पेटी जलकर राख हो गया। आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकान से अग्नि समन यंत्र से किसी तरह आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ।

## न्यूज झरोखा

### एकादशी पर जगह जगह हुआ शरबत वितरण का आयोजन




**प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह की एकादशी पर गुरूवार को विभिन्न स्थानों पर शरबत वितरण के आयोजन हुए दिखे। लालगंज कालाकांकर रोड पर भक्तों ने राधा रानी की विधिविधान से आरती उतारी। वही अधिवक्ता सुमित त्रिपाठी वत्सल के संयोजन में राहगीरों व व्यापारियों को शरबत पिलाया गया। पूजन अर्चन कार्यक्रम में रामलोचन त्रिपाठी, साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि शामिल हुए दिखे। वही नगर के हरिहरमंदिरम तथा श्रीहनुमत निकेतन में भी भक्तों के द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम से लोगों के गले को ठण्डक मिली। भीमा एकादशी पर भक्तों ने निर्जला व्रत रखकर मंदिरो मे भगवान विष्णु की भी आराधना पूजा कर मंगल की प्रार्थना किया।

### जान से मारने की धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज

**पट्टी।** बीबीपुर बारडीह गांव में राजस्व सीमा के पत्थर उखाड़ने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बीबीपुर बारडीह निवासी पीड़िता तुलसी देवी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि ग्राम बीबीपुर स्थित उनकी भूमि गाटा सं. 1826 को लेकर उपजिलाधिकारी के न्यायालय में वाद लंबित था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में, 18 अप्रैल 2026 को राजस्व विभाग और कोतवाली पट्टी की पुलिस टीम की उपस्थिति में खेत पर पत्थर नसब सीमांकन कराए गए थे। आरोप है कि 14 जून 2026 की रात लगभग 11 बजे गांव के ही इन्द्रमणि सरोज, राजेन्द्र, सुरेन्द्र वर्मा, बजरंगी वर्मा और इन्दल वर्मा ने मौके पर गडे.हुए पत्थर उखाडकर नष्ट कर दिए। जब पीड़िता ने इस संबंध में पूछताछ की, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।मामले में 24 जून 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रशांत कटियार को सौंपी गई है।

### अपहृता किशोरी बरामद, आरोपी गया जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर गुरूवार को आरोपी को धर दबोचा। वही पुलिस को अपहृता को भी बरामद करने में सफलता मिली है। कोतवाली पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत अदालत के एक वांछित आरोपी को भी हिरासत मे लिया है। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक कुमार गुरूवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। कोतवाली के एक गांव के बीती इक्कीस जून को किशोरी का अपहरण हुआ था। पुलिस ने घटना को लेकर पीड़िता के पिता की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। टीम ने अपहृता किशोरी को भी महिला पुलिस की मौजूदगी में सकुशल बरामद कर लिया। वहीं वांछित कोतवाली के इदिलपुर निवासी संतोष यादव पुत्र राममिलन को रायपुर तियांई चैराहे के समीप से हिरासत मे ले लिया। आरोपी को पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। वही कोतवाली पुलिस के दरोगा ध्रुव सिंह ने टीम ने गश्त के दौरान अदालत के एक वांछित आरोपी को हिरासत मे ले लिया। पुलिस टीम ने कोतवाली के पूरे वक्तावर निवासी विकास पुत्र भरत को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया।

### रंजिशन दुकानदार को पीटा, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** रंजिशन दुकानदार के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के हरिपुर पण्डित का पुरवा आमीशंकरपुर गांव निवासी भारत विश्वकर्मा पुत्र दशरथ विश्वकर्मा के अनुसार वह लोहे की दुकान चलाता है। पीड़ित का आरोप है कि बीती बुधवार को दोपहर करीब तीन बजे वह अपनी दुकान पर मौजूद था। इसी बीच सिलौधा दर्रा गांव निवासी कृष्ण कुमार पाण्डेय उर्फ नन्हें वहां पहुंचा और गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नवनियुक्त भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष को दी शुभकामनाएं



**कुंडा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश अध्यक्ष पद पर रोहित मिश्रा की नियुक्ति की घोषणा होते ही कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड गई। इसी क्रम में भाजयुमो के जिला कार्यालय प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ला (गोलू दादा) ने रोहित मिश्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साथ ही कार्यकताओं के साथ बाबा अवधेश्वर नाथ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर प्रदेश संगठन की मजबूती और सफलता की कामना की। इस अवसर पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया तथा लोगों के बीच लड्डू वितरित कर खुशी का इजहार किया। ज्ञानप्रकाश शुक्ला ने कहा कि रोहित मिश्रा लंबे समय से संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं। उन्होंने युवाओं को संगठित करने, कार्यकताओं के सम्मान की रक्षा करने तथा विभिन्न जनहित और संगठनात्मक आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाकर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि रोहित मिश्रा के नेतृत्व में युवा मोर्चा प्रदेश में और अधिक मजबूती के साथ कार्य करेगा तथा युवाओं को संगठन से जोडकर भाजपा की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उनकी नियुक्ति से प्रदेश के युवाओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यकताओं ने विश्वास जताया कि नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में युवा मोर्चा संगठनात्मक विस्तार, जनसंपर्क और जनसेवा के क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित करेगा तथा पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।

## डंपर की टक्कर से युवती की मौत, कोहराम



**लालगंज।** डंपर की टक्कर से दुर्घटना में युवती की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की खबर मृतका के घर पहुंची तब स्वजनों में कोहराम मच गया। उदयपुर थाना के सेमरा निवासी बैजनाथ गुप्ता की पुत्री खुशबू 21 बुधवार को रात लगभग साढ़े नौ बजे भाई लाल बहादुर के साथ बाइक से अठेहा बाजार गयी थी। रात में घर वापसी के समय बाजार से एक किलोमीटर पहले गौरीगंज मोड़ पर तीव्र गति से आ रहे डंपर ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दिया। इससे युवती बाइक से गिर गयी और डंपर का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया। मौके पर ही गंभीर चोटों के कारण युवती की मौत हो गयी। गनीमत यह रही कि दुर्घटना में मृतका का भाई लाल बहादुर बाल बाल बच गया। सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। घटना को लेकर मृतका के भाई लाल बहादुर ने पुलिस को तहरीर दी है। इधर ग्रामीणों ने डंपर को रोक लिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे मे ले लिया है। एसओ दीप नारायण का कहना है कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से घायल जीएनएम छात्रा की मौत, कोहराम



**प्रतापगढ़।** जीएनएम छात्रा को अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया। जहां चिकित्सको ने घायल छात्रा को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। मृतक के भाई की तहरीर पर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जनपद के बाघराय थानान्तर्गत उमरापटी गांव निवासी बृजलाल यादव की इक्कीस वषीर्या पुत्री ज्योति यादव लीलापुर थानान्तर्गत सगरा सुंदरपुर से पहाड़पुर मार्ग पर स्थित संजीवनी नर्सिंग कालेज में जीएनएम की छात्रा थी। छात्रा ज्योति गुरूवार को सुबह ग्यारह बजे कालेज से लालगंज जाने के लिए निकली थी। सगरा सुंदरपुर पुलिस चौकी के समीप वह ईरिक्शा पर बैठने जा रही थी कि इसी बीच पीछे से तेज गति से आये ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। छात्रा के सड़क पर गिरने से टैज्क्टर के पहिया की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्रा को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने छात्रा ज्योति यादव को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक लीलापुर अमला सिंह का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजवाया गया है, मृतका छात्रा के भाई अभिषेक की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सीएचसी गेट पर जमा नाले का गंदा पानी, मरीजों की बढी परेशानी

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी के मुख्य गेट के सामने जलभराव की समस्या मरीजों और तीमारदारों के लिए मुसीबत बन गई है। नाले का गंदा पानी सडक पर जमा होने से लोगों को मजबूरी में उसी गंदे पानी से होकर अस्पताल पहुंचना पड रहा है। इससे जहां मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है, वहीं संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। तहसील क्षेत्र के एकमात्र बडे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन 100 से अधिक गांवों के मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। लेकिन अस्पताल के मुख्य द्वार पर ही जलभराव होने से मरीजों और उनके साथ आने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पडता है। खासकर बुजुर्ग, महिला और गंभीर मरीजों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत की लापरवाही के कारण नाले की सफाई और जल निकासी व्यवस्था प्रभावित है। एक ओर नगर पंचायत द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र को बेहतर दिखाने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सीएचसी जैसे महत्वपूर्ण स्थान के सामने गंदा पानी जमा होना व्यवस्था की पोल खोल रहा है। इस संबंध में सीएचसी पट्टी अधीक्षक डॉ. राम प्रताप भारती ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष को लिखित रूप से अवगत कराया गया है। जल्द ही जलभराव की समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## जिला कारागार में की गई 130 बन्दियों की निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच




**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा के निदेर्शानुसार जिला कारागार प्रतापगढ़ में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निःशुल्क नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण एवं ब्लड जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजित शिविर के दौरान 130 बंदियों की आंखों की जांच की गई, इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य जांच के तहत पांच बंदियों के रक्त के नमूनों की जांच भी की गई। इस शिविर का उद्देश्य बंदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान कर आवश्यक उपचार सुनिश्चित करना था। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा बंदियों को आंखों की देखभाल एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, राज्य महिला आयोग सदस्य के व्यक्तिगत सहायक विनय कुमार शुक्ला, प्रोबेशन विभाग के अभय शुक्ला, डिप्टी जेलर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में शिक्षक समेत चार घायल

अखंड भारत संदेश





**पट्टी।** थाना क्षेत्र के आमारपुर मोड़ के समीप गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में जौनपुर जनपद के सिंगरामऊ निवासी शिक्षक समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में दो युवकों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जौनपुर जनपद के सिंगरामऊ निवासी संतोष मिश्रा (45) बरहुपुर स्थित विद्यालय में अध्यापक हैं। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे वह विद्यालय से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान आमापुर मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के रायपुर बनपुरवा गांव निवासी सेजल गौतम (16), साहिल (18), अनुज कुमार (20) । सभी पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामनगर स्थित अपने ननिहाल से वापस लौट रहे थे। हादसे में बाइक सवार सभी लोग घायल हो गए।घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 के हेड कांस्टेबल राजू सिंह और चालक प्रमोद सिंह ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद साहिल और अनुज कुमार की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।इस संबंध में सीएचसी के चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के पट्टी खास गांव निवासी एक महिला ने अपनी 19 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। महिला ने गुरुवार की शाम कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बेटी अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की तो जानकारी मिली कि गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। मां ने आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवती की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी आनंदपाल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## घायल युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में घायल मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजनों में आक्रोश और मातम का माहौल है। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। धरौली गांव निवासी बृजेश कुमार (31) निजी कंपनी में फील्ड वर्कर के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार, 22 जून की सुबह करीब नौ बजे बृजेश काम के सिलसिले में घर से निकले थे। शाम करीब 7 बजे उन्होंने फोन कर बताया था कि वह घर के लिए निकल रहे हैं, लेकिन इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया। परिजनों ने बताया कि देर रात करीब 11 बजे ओमप्रकाश पटेल के स्वजन घर पहुंचे और जानकारी दी कि बृजेश उनके साथ बाइक से निकले थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। इसके बाद परिजनों ने पूरी रात उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। 23 जून की सुबह परिजनों को जानकारी मिली कि बृजेश गंभीर घायल अवस्था में सीएचसी पट्टी में भर्ती हैं। परिजन उन्हें लेकर एसआरएन अस्पताल प्रयागराज पहुंचे, जहां उपचार के दौरान 24 जून की सुबह उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई उमेश कुमार ने परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बृजेश की मौत सामान्य हादसा नहीं है, बल्कि इसके पीछे साजिश हो सकती है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस संबंध में आसपुर देवसरा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर जताई खुशी

**पट्टी।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश इकाई के मुख्य प्रवक्ता पद पर पट्टी विधानसभा क्षेत्र के निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश प्रताप सिंह को नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता जताई है। दिनेश प्रताप सिंह पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी तथा भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पर रह चुके हैं। उनके मुख्य प्रवक्ता बनने से क्षेत्र का गौरव बढा है। नियुक्ति की खबर मिलते ही पट्टी क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त हो गया। कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर आतिशबाजी करके के खुशी का इजहार किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं वर्तमान में सह मीडिया प्रभारी आशीष खंडेलवाल, पूर्व ग्राम प्रधान विनोद पांडेय बबलू, बबलू सोनी,नवीन खंडेलवाल, आलोक सोनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मोहर्रम पर एहतियात : राजा उदय प्रताप सिंह समेत 13 लोग भदरी महल में हाउस अरेस्ट





**कुंडा।** मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने ऐतिहातन कार्रवाई की है। राजा भैया के पिता राजा उदय प्रताप सिंह समेत 13 लोगों को भदरी महल में हाउस अरेस्ट कर दिया गया।

कुंडा कोतवाल ने शुक्रवार सुबह 5 बजे भदरी महल पहुंचकर हाउस अरेस्ट का नोटिस चस्पा किया। नोटिस के मुताबिक सभी को आज सुबह 5 बजे से शुक्रवार रात 9 बजे तक महल में ही रहना होगा। प्रशासन के अनुसार मोहर्रम के दिन हनुमान मंदिर पर भंडारे के आयोजन की अनुमति पुलिस-प्रशासन नहीं देता है। मंदिर के रास्ते वाली सडक से ही मोहर्रम का जुलूस गुजरता है। इसी को लेकर हर साल राजा उदय प्रताप सिंह को हाउस अरेस्ट किया जाता रहा है। अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए यह कार्रवाई की जाती है। फिलहाल भदरी महल पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और निगरानी बढा दी गई है। यह पूरा मामला कुंडा कोतवाली क्षेत्र के भदरी महल से जुडा है। क्षेत्र में फिलहाल शांति है और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

**सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक घर से निकलने पर रोक, भंडारे को लेकर हर साल होती है कार्रवाई**

# मोहर्रम के मातम से लौट रहे युवकों की बाइक नीलगाय से टकराई एक की मौत तीन घायल

अखंड भारत संदेश





**हररायपुर कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पट्टी परवेजा बाद बड़े गांव के चार युवक बाइक से मोहर्रम मातम मनाने चरवा थाना क्षेत्र के चिल्ला शाहबाजी गांव 24 जून की रात्रि साढ़े ग्यारह बजे गए थे मोहर्रम का मातम मनाने के बाद चारों युवक 25 जून की भोर में 4 बजे एक बाइक में सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार गैस एजेंसी गोदाम चिल्ला शाहबाजी के पास पहुंचे सामने से नीलगाय के आ जाने से बाइक सवार नीलगाय से टकरा गए और चारों युवक सड़क पर गिर पड़े हैं इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई है और तीन युवक गंभीर घायल है घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल युवकों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है जहां दो युवकों की हालत गंभीर बताई जाती है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम का माहौल पसर गया है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पट्टी परवेजा बाद बड़े गांव निवासी मोहम्मद वासिब पुत्र मोहम्मद तौहीद अपने साथी अदनान अली पुत्र नन्हे वा रेहान अहमद पुत्र अफजाल अहमद वा सलीम पुत्र पीर मोहम्मद के साथ 24 जून की रात्रि 11:30 बजे एक बाइक में सवार होकर मोहर्रम के मातम में शामिल होने चिल्ला शाहबाजी गए थे मोहर्रम के मातम के बाद चारों युवक भोर लगभग 4:00 बजे एक बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार गैस एजेंसी के पास पहुंचे सड़क पर नीलगाय आ गई और बाइक सवार हड़बड़ा कर नीलगाय से टकरा गए जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए हैं दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई इस दुर्घटना में मोहम्मद वसीम उम्र लगभग 24 वर्ष की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना में घायल तीन युवकों को इलाज के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही घर परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं मौके पर मातम का माहौल है।

## प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ राम सियासन शास्त्री ने जानी-मानी मॉडल, अभिनेत्री मनोवैज्ञानिक एवं मिस इंडिया 2021 चाहक भंडुला को बताया उनका भविष्य



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के रहने वाले एवं भारत सहित विदेशों में भी अपने ज्योतिष का डंका बजाने वाले प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ राम सियासन शास्त्री ने अपनी शिष्या भारत की एक जानी-मानी मॉडल,अभिनेत्री, मनोवैज्ञानिक एवं मिस इंडिया 2021 चाहक भंडुला से मिले और उनका भविष्य बताया।मिस इंडिया चाहक भंडुला ने मुख्य रूप से सौंदर्य प्रतियोगिताओं और फैशन इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बनाई है,चाहक भंडुला ने फर्स्ट मिस इंडिया में राष्टीय स्तर की सौंदर्य प्रतियोगिता में फोर्थ रनर-अप रही थीं, एलिट मिस राजस्थान 2021 में वह राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की फाइनलिस्ट भी रह चुकी हैं,उन्हें फेस ऑफ़ द ईयर 2022 के खिताब से भी नवाजा जा चुका है।मॉडलिंग के अलावा,वह पेशे से एक सर्टिफाइड साइकोलॉजिस्ट भी हैं और अपनी काउंसलिंग साइकोलॉजी प्रैक्टिस चलाती हैं, वह कई फैशन शोज़, रैंप वॉक और ब्रांड्स के लिए मॉडलिंग करती हैं,इसके साथ ही वह एक्टिंग के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं।अपनी लोकप्रियता के कारण वह कई बड़े फैशन और ब्यूटी कॉन्टेस्ट्स (जैसे मिस्टर मिसेज और मार्स प्राईड आफ भारत ) में बतौर मुख्य जज भी आमंत्रित की जाती हैं वह सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं।प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ राम सियासन शास्त्री से चाहक भंडुला ने अपने भविष्य और कैरियर बारे में जानकारी ली और ज्योतिषाचार्य डॉ राम सियासन शास्त्री द्वारा दी गई भविष्य की जानकारी से संतुष्ट रही,डॉ राम सियासन शास्त्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य का कामना की है।

## पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने सुनीं जन समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कीं पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष, गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना प्राथमिकता में रखा जाए।

जनसुनवाई के दौरान आए मामलों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी भी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और शिकायतों के प्रभावी निस्तारण से आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत होता है। जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराने का प्रयास लगातार जारी है।

## कौशाम्बी के लोगों को मिली सीसीटीवी और आराम दायक सीटों से लैस 2 नई एसी इलेक्ट्रिक बसें

### छात्रों और व्यापारियों को मिलेगी सुविधा

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले वासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है,सरकार ने प्रयागराज से कौशाम्बी मंझनपुर रूट पर दो नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू कर दिया है। इससे रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल यात्रा की सुविधा मिलेगी।इसका किराया मात्र 108 रुपये निर्धारित किया गया है।परिवहन विभाग के मुताबिक नई इलेक्ट्रिक बस सेवा का शेड्यूल सुबह का समय प्रयागराज लीडर रोड बस स्टेशन से सुबह 7:45 बजे प्रस्थान मंझनपुर बस स्टॉप पर सुबह 9:15 बजे पहुंचेगी, मंझनपुर से वापसी:सुबह 10:00 बजे प्रयागराज के लिए शाम का समय प्रयागराज से मंझनपुर शाम 7:15 बजे बस उपलब्ध होगी।इस नई बस सेवा से छात्र,सरकारी कमर्चारी, व्यापारी और रोजाना अप-डाउन करने वाले आम यात्री सबसे ज्यादा लाभान्वित होंगे। अभी तक प्राइवेट वाहनों या रोडवेज की पुरानी बसों से सफर करना पड़ता था।जीरो पॉल्यूशन डीजल की जगह बैटरी से चलेंगी, प्रदूषण कम होगा आरामदायक सफर ए सी सीसीटीवी और आरामदायक सीटों से लैस किफायती किराया सिर्फ 108 रुपये में प्रयागराज से मंझनपुर सुरक्षित जीपीएस ट्रैकिंग और पैनिक बटन की सुविधा उपलब्ध है।

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मनाए जा रहे नशा मुक्त भारत सप्ताह जिसकी थीम नशा मुक्त भारत अभियान- विकसित भारत की पहचान के अवसर पर अंतर्राष्टीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में स्वशासी राज्य चिकित्सा महा विद्यालय में एक व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, युवाओं, स्वास्थ्य कर्मियों एवं आमजन को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक,सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) हरिओम कुमार सिंह ने किया एवं अपने संबोधन में कहा मादक पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे की लत आज युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा,रोजगार एवं सामाजिक जीवन के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज की संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों उनके दुष्प्रभावों, नशे की लत के कारणों तथा उससे बचाव एवं उपचार के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने बताया कि नशे की समस्या का समाधान केवल चिकित्सकीय उपचार से ही नहीं, बल्कि जागरूकता, पारिवारिक सहयोग, सामाजिक समर्थन एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों के विकास से भी संभव है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के चिकित्सकों, संकाय सदस्यों, कमर्चारियों, इंटर्न चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर, डा. डा. सरस्वती जयसवाल यादव, डा. अरिन्दम चक्रवती, डा. राकेश कुमार शुक्ला, डा. संतोष कुमार डा. अत्मिक सिंह, डा. अंकित तिवारी डा. अरूण पाण्डेय, डा. सन्दीप कुमार, एवं अन्य संकाय सदस्य, एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्रायें और कमर्चारी उपस्थित रहे।

## संयुक्त जिला चिकित्सालय से हर महीने सैकड़ो हेलमेट की होती है चोरी

### गार्डों के पालतू लोग कर रहे हैं हेलमेट चोरी मरीज और परिजन परेशान

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज मंझनपुर में बाइक खड़ी करने वाले मरीज और उनके परिवार की बाइक से हेलमेट चोर गिरोह सक्रिय है। कई महीनो से लगातार संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज में खड़ी बाइक से हेलमेट चोरी हो रहा है। बताया जाता है कि सुरक्षा ड्यूटी में लगे गार्डों के पालतू लोग हेलमेट चोरी कर रहे हैं जिससे हेलमेट चोरी पर रोक लगती नहीं दिख रही है। एक महीना पहले जिला चिकित्सालय के एक स्टाफ का हेलमेट मोटर साइकिल में टंगा हुआ था जो गायब हो गया है। 5 मई को फिर जिला चिकित्सालय के स्टाफ नाथन सिंह के बुलेट मोटरसाइकिल से हेलमेट गायब हो गया है। प्रतिदिन आयुष चिकित्सालय के पास अपनी बुलेट मोटरसाइकिल खड़ी करके हेलमेट हैंडल में टांग देते थे 5 मई को ड्यूटी करने के बाद जब नथन सिंह बाहर निकले तो उनकी बुलेट मोटरसाइकिल से हेलमेट गायब था। काफी खोजबीन करने के बाद उनका भी हेलमेट नहीं मिला है। संयुक्त जिला चिकित्सालय से लगातार मोटरसाइकिल से हेलमेट चोरी किए जाने का यह मामला बड़ा गंभीर है। आखिर वहां दजर्नों गार्ड की ड्यूटी सुरक्षा में लगाई गई है तो सुरक्षा गार्ड क्या कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि हेलमेट चोरी करने वाले गिरोह चोरी करने में मस्त हैं और गार्ड खैनी रगड़ने में मस्त रहते हैं।

## पूजा पाल को भाजपा में महत्वपूर्ण पद मिलने के बाद कुछ भाजपाई दिख रहे हैं बेचैन

**भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर चायल विधायक पूजा पाल का भव्य स्वागत**

**कौशाम्बी।** विधायक पूजा पाल को भारतीय जनता पाटी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं और समथर्कों में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी का इजहार किया।कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह सम्मान उनके लंबे राजनीतिक अनुभव,संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा के कार्यों का परिणाम है। नई जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश में संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि भाजपा में पूजा पाल को महत्वपूर्ण पद मिल जाने के बाद कुछ भाजपाई बेचैन दिखाई पड़ रहे हैं उन्हें आने वाले दिनों में विधायक का टिकट कटने की पूरी उम्मीद उन्हें दिखाई दे रही है।

## मोहर्रम पर जुलूस व ताजिया को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

**कौशांबी।** जनपद में मोहर्रम के जुलूस और ताजिया को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत, उपजिलाधिकारी चायल एवं क्षेत्राधिकारी चायल ने भारी पुलिस बल के साथ थाना संदीपनघाट क्षेत्र अंतर्गत कसिया पूर्व में ताजिया स्थलों का रूट निरीक्षण किया गया।ताजियादारों और कमेटी के सदस्यों को समझाते हुए अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं, कि त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए मोहर्रम के त्यौहार को लेकर पूरे जिले में पुलिस और प्रशासन सतर्क निगाह लगातार बनाए हुए हैं थाना में लगातार पीस कमेटी की बैठक हो रही है पूरे जिले की चौकी वा थाना पुलिस भारी पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रही है सीओ से लेकर एसडीएम तक अपर जिलाधिकारी से लेकर अपर पुलिस अधीक्षक तक जिला अधिकारी से लेकर पुलिस अधीक्षक तक लगातार भ्रमण कर क्षेत्र में स्थितियों का जायजा ले रहे हैं।

## बड़ी उम्मीद से राहुल गांधी की ओर देख रहे है देश का युवा किसान और आमजनता : कांग्रेस

### मण्डलीय वार्ता में शामिल हुए जिला कांग्रेस कमेटी कौशाम्बी के अध्यक्ष गौरव पाण्डेय

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** प्रयागराज में गुरुवार को आयोजित हुई वार्ता में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सीएलपी लीडर उमंग सिंघार ने वार्ता में वर्तमान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार छात्रों के साथ अन्याय कर रही है छात्र अपनी तैयारियों के बाद परीक्षा से नहीं बल्कि पेपर लीक जैसी गंभीर समस्याओं से डरता है उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छात्रों की पीड़ा को गंभीरता से समझा है और उन्होंने छात्रों की गूंज कार्यक्रम के माध्यम से छात्र के संवाद के जरिए उनकी समस्याओं को और गहराई से समझ कर उन्हें पूर्ण आश्वासन दिया कि हम आपके हर कदम पर मजबूती से आपके साथ खड़े है राहुल गांधी ने भारत की शिक्षा व्यवस्था पर कहा कि छात्र बड़ी मेहनत और लगन से अपनी परीक्षाओं की तैयारी करता है और लचर व्यवस्थाओं और सरकार की लापरवाही के कारण पेपर लीक हो जाता है जिससे छात्रों के भविष्य पर इसका गहरा दुष्प्रभाव पड़ता है लेकिन हम आने वाले समय में इन खामियों को सुधार कर छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करेंगे उमंग सिंघार ने यह भी बताया कि हम छात्रों की गूंज कार्यक्रम आगामी 10 जुलाई को प्रयागराज में आयोजित होगा जहां राहुल गांधी छात्रों के बातों को समझेंगे इसके बाद जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय ने कहा कि देश को आज वर्तमान समय में देश का युवा किसान और आमजनता केवल राहुल गांधी जी की ओर बड़ी उम्मीद से देख रहा है क्योंकि भाजपा सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है और जनता ने अब इनकी विदाई सुनिश्चित करने का पूरा मन बना लिया है वार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, संजय तिवारी, जिला अध्यक्ष गंगापार अशफाक अहमद, जिला अध्यक्ष यमुनापार अशोक पटेल,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा कौशाम्बी रावेंद्र यादव, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, युवक कांग्रेस के नेता कृष्णा यादव,नगर अध्यक्ष चरवा निक्की पाण्डेय, आयूष यादव, अभिषेक सिंह, पिंटू सरोज, बिल्लू मिश्रा, उमेश सिंह, प्रदीप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### जिलाधिकारी ने ईवीएम व वीवी पैट वेयर हाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण



**कौशांबी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सी.सी.टी.वी. कक्ष का निरीक्षण एवं लॉगबुक का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष बनी पूजापाल विधायक



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश बीजेपी के संगठन के पदाधिकारियों की नई सूची जारी कर दी गई है चायल विधायक पूजा पाल प्रदेश उपाध्यक्ष बनाई गई उत्तर प्रदेश में भाजपा संगठन के पदाधिकारियों की नई सूची जारी हो गई है,इस सूची में पूर्वांचल की नेता और सपा छोड़ बीजेपी में आई कौशाम्बी जिले के चायल से विधायक पूजा पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आने वाले पूर्व मंत्री सुरेश राणा को भी उपाध्यक्ष बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।प्रदेश भाजपा संगठन में 19 उपाध्यक्ष हो गए हैं,जबकि प्रदेश मंत्री की संख्या 18 है,उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं,चुनाव के कुछ महीने पहले बीजेपी की इस टीम को बेहद अहम माना जा रहा है, इसमें समाजवादी पाटी के पीडीए की काट के लिए ओबीसी पर जोर दिया गया है।दिनेश प्रताप सिंह को यूपी बीजेपी का प्रवक्ता बनाया गया है, देवेंद्र सिंह यूपी भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष बनाए गए हैं,रोहित मिश्रा को भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है,अशोक रावत भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, सरोज कुशवाहा भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं,नीरज सिंह को बीजेपी में उपाध्यक्ष बनाया गया है, जो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे हैं।

### प्रैक्टिकल न कराए जाने से भड़के छात्र, कॉलेज परिसर में किया प्रदर्शन



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के कठरा गांव स्थित महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ इन्फ ॉर्म ेशन टेक्नोल ॉजी कॉलेज में गुरुवार को छात्रों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जमकर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन उन्हें फोन और संदेश भेजकर कॉलेज बुला लेता है, लेकिन समय पर प्रैक्टिकल परीक्षाएं नहीं कराई जातीं, जिससे दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कॉलेज के प्रिंसिपल राकेश सिंह पटेल तथा एक महिला कमर्चारी पर छात्रों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि इस प्रकार की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कारर्वाई नहीं की गई।छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज कमर्चारियों का व्यवहार भी विद्यार्थियों के प्रति बेहद घटिया है जिससे विद्यार्थी परेशान है।

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम म्योहर में भूमि विवाद की 04 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण




**कौशांबी।** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत एसडीएम मंझनपुर आकाश सिंह ने आज ग्राम म्योहर में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित 04 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया गया। कैम्प में शिकायतकर्ता मेघई ने बताया कि उनकी भूमिधरी भूमि 02 बीघा है, परंतु कब्जा डेढ़ बीघा पर ही है, जिस पर राजस्व टीम द्वारा अवगत कराया गया कि धारा 24 के अंतर्गत पैमाइश कराकर अनुतोष प्राप्त करें। इसी प्रकार शिकायत कर्ता चरण सिंह की शिकायत पर चकरोड पर हुए अस्थायी कब्जे को मौके पर ही हटवाया गया। शिकायतकर्ता अम्बर सिंह की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने दोनों पक्षों के मध्य आपसी सुलह कराकर समस्या का समाधान करा दिया। शिकायतकर्ता राम लखन की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर दोनों पक्षों की उपस्थिति में भूमिधरी भूमि की नाप कर चिन्हित करते हुए विवाद का समाधान किया गया।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### एससी-एसटी आयोग के सदस्य पहुंचे आदर्श नगर पंचायत अझुवा, सफाई कर्मियों की सुनी समस्याएं



**अझुवा कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे गुरुवार को आदर्श नगर पंचायत अझुवा पहुंचे जहां उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों से सीधे संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने कमर्चारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुरुवार शाम लगभग चार बजे आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे आदर्श नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। उनके आगमन पर अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा नगर पंचायत द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यों की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान आयोग सदस्य ने मौजूद सफाई कर्मियों से मुलाकात की और उनकी कार्य परिस्थितियों,वेतन,सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। सफाई कर्मियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को उनके समक्ष रखा।आयोग सदस्य ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं न्यायोचित निस्तारण के निर्देश दिए।रमेश चंद्र कुंडे ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कमर्चारियों के अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें शासन द्वारा निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कमर्चारियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा।इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सहित नगर पंचायत के अन्य कमर्चारी एवं दजर्नों सफाई कर्मी उपस्थित रहे। आयोग सदस्य के दौरे को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में पूरे समय गतिविधियां बनी रहीं।

# तेज रफ्तार का कहरः मोरंग लदे ट्रैक्टर ने पिकअप को मारी भीषण टक्कर, महिला समेत दो गंभीर

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर।** जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बहवलपुर गांव के पास सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मोरंग से लदा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रही पिकअप में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में पिकअप में सवार एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने




तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हुसैनगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल बाहर निकाला और 108 एंबुलउेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मोरंग लदे ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है। चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रूट पर मोरंग लदे ट्रैक्टर बेतरतीब और तेज रफ्तार से चलते हैं, जिससे आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है।

## डंपर की टोचिंग कर जा रहा ट्रैक्टर पर डंफर पलटा इलाज के दौरान चालक की मौत



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर गांव के एक युवक की ट्रैक्टर हादसे में मौत हो गई है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार सैनी कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी कुलदीप सरोज पुत्र गुड्डू सरोज पेशे से ट्रैक्टर चालक था। गुरुवार दोपहर वह एक खराब डंपर को ट्रैक्टर से टोचिंग कर कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस लेन से ले जा रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह अटसराय गांव के समीप पहुंचा,अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर पलट गया और साथ में टोचिंग किया जा रहा डंपर भी असंतुलित होकर ट्रैक्टर पर आ गिरा।हादसे में ट्रैक्टर चालक कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे बाहर निकालकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे सिराथू स्थित एक निजी अस्पताल ले गए,जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।कुलदीप की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।बताया जाता है कि कुलदीप सात भाइयों में सबसे छोटा था और अभी अविवाहित था।परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं,लेकिन अचानक हुई इस दुर्घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।गांव के लोगों के अनुसार कुलदीप मेहनती और मिलनसार स्वभाव का युवक था। उसकी असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। वहीं पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### जनसुनवाई के बाद गाजीपुर में जमीन कब्जे पर एफआईआर, डीएम सख्त



**फतेहपुर।** जनसुनवाई में आई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गाजीपुर थाने में अवैध कब्जे और फसल नष्ट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।ग्राम साखा निवासी निशा देवी पत्नी प्रमोद ने सहखातेदार चंद्रपाल पुत्र रामलाल पर आरोप लगाया कि उसने 20 दिसंबर 2025 को जेसीबी चलवाकर उनकी लाही की फसल नष्ट कर दी और सास की समाधि तोड़ दी। आरोप है कि चंद्रपाल ने अपने हिस्से से अधिक जमीन पर बगैर बंटवारा कराए जबरन बाउंड्री और गेट लगवा दिया, जिससे रास्ता बंद हो गया और कृषि कार्य ठप हो गया। जिलाधिकारी को जनसुनवाई में दिए प्राथर्नापत्र के बाद राजस्व टीम से जांच कराई गई। जांच के बाद निशा देवी की तहरीर पर थाना गाजीपुर में चंद्रपाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।जिलाधिकारी ने अवैध कब्जे और अवैध निर्माण पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### साध्वी निरंजन ज्योति को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री का दर्जा, समथर्कों में खुशी की लहर



**फतेहपुर।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया है।इस घोषणा के बाद दिल्ली स्थित उनके आवास एवं कार्यालय में समथर्कों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का बधाई देने के लिए तांता लग गया। दूर-दराज के कार्यकर्ताओं ने भी फोन पर शुभकामनाएं दीं।समथर्कों ने इसे पिछड़ा वर्ग समाज के लिए सम्मान और गौरव का विषय बताया। उनका कहना है कि पहले आयोग का अध्यक्ष और अब कैबिनेट मंत्री का दर्जा देकर सरकार ने पिछड़े वर्ग को सकारात्मक संदेश दिया है। समथर्कों ने प्रधानमंत्री एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि साध्वी निरंजन ज्योति आज पिछड़े वर्ग की सशक्त एवं प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित हुई हैं।

### चुनावी शपथ पत्र के वादों पर उठे सवाल, मूलभूत सुविधाओं को लेकर बढ़ा जन असंतोष

**पानी, सड़क और आवारा मवेशियों के मुद्दों पर जनता ने मांगा जवाब**

**शिवपुरी।** विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान किए गए चुनावी वादों को लेकर शिवपुरी में राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है। शहर के विभिन्न सामाजिक और नागरिक वर्गों में यह सवाल उठने लगा है कि चुनाव के समय जनता से किए गए वादों और जारी किए गए शपथ पत्र में शामिल घोषणाओं की वतर्मान स्थिति क्या है। विशेष रूप से पेयजल, सड़क, आवारा मवेशियों, नशामुक्ति और तालाब संरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर लोगों में असंतोष दिखाई दे रहा है। चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी एवं वतर्मान विधायक देवेंद्र जैन द्वारा एक लिखित शपथ पत्र जारी किया गया था, जिसमें विधानसभा क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े 24 बिंदुओं पर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया था। इस शपथ पत्र में नियमित पेयजल व्यवस्था, शहर को गड्ढामुक्त बनाने, आवारा मवेशियों और कुत्तों की समस्या के समाधान, नशे के विरुद्ध अभियान चलाने, सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण तथा तालाबों के संरक्षण जैसे कई वादे शामिल थे। इनमें से कई कार्यों को एक वर्ष की समयसीमा में पूरा करने की बात कही गई थी।

# शटर के नीचे से ओवर रेट में शराब बिक्री का वीडियो वायरल, सेल्समैन पर धमकी का आरोप

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर।** जिले में सरकारी शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग का खेल खुलेआम चल रहा है। एक कंपोजिट दुकान में शटर के नीचे से सुबह से ही ओवर रेट में शराब और बीयर बेची जा रही है।24 जून 2026 को सुबह करीब 9 बजकर 7 मिनट पर शटर के नीचे से देशी शराब और बीयर बेचने का वीडियो कैमरे में कैद हो गया। आरोप है कि वीडियो बनाने वाले युवक का सेल्समैन ने मोबाइल छीन लिया और धमकी दी कि अधिकारी उसकी जेब में हैं, कोई उसका कुछ नहीं कर सकता। स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाने वाले युवक को बचाया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दुकान से 24 घंटे ओवर रेट में शराब बेची जाती है। 50 से 100 रुपये तक ज्यादा वसूले जाते हैं। शराबी सुबह से नशे में आने-जाने वालों से अभद्रता करते




हैं। ग्रामीणों के मुताबिक रात 10 बजे के बाद भी शटर के नीचे से शराब मिलती है। नशे में शराबी नलकूपों से स्टार्टर और केबलें चोरी कर रहे हैं। अब तक चार ट्यूबवेलों से स्टार्टर और केबल चोरी हो चुकी है। साइकिल चोरी की घटनाएं भी सामने आई हैं। किसानों ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।ग्रामीणों ने आबकारी और पुलिस की मिलीभगत का आरोप लगाया है। इस मामले पर आबकारी विभाग के अधिकारियों ने कहा कि दुकान खुलने का समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक है। अगर इसके बाद कोई शटर के नीचे से ओवर रेट में शराब बेच रहा है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जन्मोत्सव में शामिल पूर्व डीआईजी रामतीर्थ परमहंस, बच्चे को दिया शुभाशीष

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर।** खागा विधानसभा क्षेत्र के धाता कस्बे स्थित शिवाय पैलेस में आयोजित जन्मदिन समारोह में पूर्व डीआईजी एवं खागा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामतीर्थ परमहंस मुख्य रूप से शामिल हुए। यह कार्यक्रम प्रवीन सिंह पटेल के सुपुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था।समारोह में पहुंचकर रामतीर्थ परमहंस ने बच्चेव को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने का आशीर्वाद प्रदान किया। इसके उपरांत उन्होंने क्षेत्र के अन्य गांवों में भी पहुंचकर एक अन्य बालक के जन्मदिन समारोह में सहभागिता की तथा शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर शिवाय पैलेस में उपस्थित अतिथियों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों से मुलाकात



कर रामतीर्थ परमहंस ने प्रदेश एवं देश के वतर्मान सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनसरोकारों एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। रामतीर्थ परमहंस ने कहा कि ऐसे पारिवारिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रवीन सिंह पटेल एवं उनके समस्त परिवार को बधाई देते हुए अतिथियों के सम्मान एवं उत्कृष्ट स्वागत-सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक, शुभचिंतक एवं अतिथि उपस्थित रहे।

# सोनावरदेई में वन विभाग की 5 बीघा जमीन अतिक्रमण मुक्त, संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर।** खागा तहसील के सोनावरदेई गांव में वन विभाग की वृक्षारोपण हेतु सुरक्षित करीब पांच बीघा जमीन को गुरुवार को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया गया। मामला थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र का है, जहां गाटा संख्या 154 और 155 की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिली थी।शिकायत पर राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। राजस्व अभिलेखों के आधार पर पैमाइश व सीमांकन में पाया गया कि कुछ पट्टाधारकों ने निर्धारित हिस्से से अधिक भूमि पर कब्जा कर रखा था। टीम ने अतिक्रमित हिस्से को खाली कराकर जमीन वन विभाग के कब्जे में दिलाई।प्रशासन ने



वैध पट्टाधारकों की जमीन को अलग चिन्हित कर उनका रकबा समझाया, ताकि भविष्य में विवाद न हो। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी, ग्राम समाज व वन विभाग की सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक आर.के. गुप्ता, हल्का लेखपाल विनय कुमार, पाल कुलदीप कुमार और वन दरोगा सत्येंद्र कुमार तिवारी समेत राजस्व व वन विभाग की टीम मौजूद रही।

## फतेहपुर में शांति भंग के आरोप में 29 गिरफ्तार, 460 वाहनों का चालान

**फतेहपुर।** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कुल 29 व्यक्तियों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया। सभी को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया।थानावार कार्रवाई में असोथर से 8, ललौली से 6, जाफरगंज व हथगांव से 4-4, गाजीपुर व मलवां से 2-2 तथा धाता, कोतवाली और बिंदकी से 1-1 अभियुक्त शामिल हैं।थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 1 वारंटी अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है।यातायात पुलिस ने अभियान के दौरान 460 वाहनों का चालान किया और एक वाहन से 1000 रुपये का शमन शुल्क वसूल किया।

## महिला ने 4 युवकों पर लगाया मारपीट छेड़खानी का आरोप

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के घूरी गांव की एक विवाहिता महिला का आरोप है कि दिनांक 23/06/26 को जब उसके पति खेत की सिचाई करने चले गए तो घर पर अकेली थी। लगभग 10 बजे उसके गांव के अनिल यादव पुत्र देव चन्द्र व सर्वेश यादव पुत्र देव चन्द्र,घनश्याम यादव पुत्र बाके लाल,देवचन्द्र पुत्र गनेशी आदि लोगो के द्वारा उसके घर का दरवाजा खुलवाया और घर के अन्दर घुस कर तोड़-फोड़ किया तथा गाली-गलौज व मारा-पीटा गया और उसके साथ छेड़खानी की गई। महिला ने शोर मचाया तो उपरोक्त लोग भाग गए। चरवा थाना में शिकायती पत्र देकर महिला ने कायर्वाही की मांग की है।

# कांग्रेस के आरक्षण दिवस समागम में हेमलता पटेल ने उठाई सामाजिक न्याय की आवाज

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कांग्रेस का राष्ट्रीय 'आरक्षण दिवस' वैचारिक समागम आयोजित किया गया। फतेहपुर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हेमलता पटेल ने सर्वसमाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ समागम में भाग लिया और पिछड़े, दलित व शोषित समाज के हक-अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत में हेमलता पटेल ने छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उनकी यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, अक्ळउ ओबीसी विभाग के चेयरपर्सन अनिल



जयहिंद, मनोज यादव, जितेन्द्र पटेल और प्रतिभा अटल पाल समेत वरिष्ठ नेताओं से सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना और संगठन को वैचारिक रूप से मजबूत करने पर चर्चा हुई।हेमलता पटेल के साथ फतेहपुर महिला कांग्रेस की मधु वर्मा, संयोगिता, शिवा, रानी, सुमन, प्रिया और प्रतिभा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहीं।समागम के जरिए 'जितनी आबादी, उतना हक' के संकल्प को जन-जन तक ले जाने की बात कही गई और आगामी यूपी विधानसभा चुनाव का बिगुल भी फूंका गया।कार्यक्रम के अंत में हजारों कांग्रेसजनों ने लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्लास्टिक के चावल खराब कर रहे हैं लोगों का स्वास्थ्य

**प्लास्टिक का चावल बेचने वाले दुकानदारों की जांच नहीं कर रहे हैं फूड इंस्पेक्टर,प्लास्टिक के चावल बेचने वालों पर कठोर कानून बनाते हुए इन्हें सीधा फांसी दिए जाने की मांग आम जनता ने शासन प्रशासन से की है**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मानव के स्वास्थ्य को बेहतर रखने के उद्देश्य से खाने पीने की वस्तुओं की जांच करने के लिए फूड विभाग का गठन सरकार द्वारा किया गया है छोटे-छोटे दुकानों में जांच करने पहुंचने वाले फूड इंस्पेक्टर बड़ी दुकानों में जांच करने नहीं पहुंच रहे हैं बीते कई वर्षों से किराने की दुकान में प्लास्टिक से बने चावल खुले आम बिक रहे हैं बड़े-बड़े होटल ढाबे में भी प्लास्टिक के चावल ग्राहकों के सामने थाली प्लेट में परोसे जा रहे हैं यह देखने में खूबसूरत होते हैं जिससे प्लास्टिक के चावल को लोग आसानी से पहचान नहीं पाते हैं बासमती के नाम पर बिकने वाले इस चावल का खेत में उत्पादन करने के




बजाय फैक्ट्री में प्लास्टिक गलाकर बनाया जाता है इस चावल की खासियत यह है कि इसको चाहे जितना पकाओ यह पूरा चावल खड़ा रहता है पकने के बाद भी यह चावल देखने पर प्लास्टिक के होने का गवाही देता है प्लास्टिक का चावल खाने के बाद पेट की आंतों में लिवर में यह चिपक जाता है और विभिन्न गंभीर बीमारियों को जन्म देता है जिसका इलाज बड़े-बड़े डॉक्टर के यहां भी संभव नहीं है प्लास्टिक का चावल लगातार खाने वालों की बीमारी से मौत भी हो रही है जनपद मुख्यालय मंझनपुर की कई किराना दुकानों के साथ-साथ भरवारी सिराथू आझुवा मूरतगंज करारी पश्चिम शरीरा मनोरी बाजार चरवा सहित प्रदेश के विभिन्न बाजारों में प्लास्टिक के चावल का भंडारण किराने के दुकानों में बड़ी मात्रा में है पंजाब से आने वाले तमाम लोग मोटरसाइकिल से भी प्लास्टिक का चावल बासमती के नाम पर बेच रहे हैं बीते कई वर्षों से मार्केट में प्लास्टिक का चावल आ जाने के बाद अभी तक प्लास्टिक के चावल की जांच कर मिलावट के धंधे का खुलासा फूड इंस्पेक्टर ने नहीं किया है जिससे प्लास्टिक के चावल खाने से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है प्लास्टिक का चावल बेचकर आम जनमानस को मौत देने में लगे इन व्यापारियों दुकानदारों के कारनामों पर कब जांच होगी कब इन पर मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेजा जाएगा यह तमाम सवाल विभागीय लापरवाही पर खड़े हो गए हैं यदि समय रहते प्लास्टिक के चावल की बिक्री पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई गई तो पूरे समाज में भयंकर बीमारी तेजी से पांव पसार लेगी जिस पर रोक लगाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी होगा बासमती चावल खाने के चक्कर में लोग प्लास्टिक के चावल की पहचान नहीं कर पाते हैं जिससे वह प्लास्टिक का चावल खरीद कर ठगी का शिकार होते हैं और अपने ही परिवार का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं मानव जीवन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ का यह बड़ा अपराध है और प्लास्टिक के चावल बेचने वालों पर कठोर कानून बनाते हुए इन्हें सीधा फांसी दिए जाने की मांग आम जनता ने शासन प्रशासन से की है।

# एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने यूपी पुलिस रक्भती दौड़ ग्राउंड का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भती परीक्षा की दौड़ को लेकर फतेहपुर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को बारहवीं बटालियन पीएसी फतेहपुर में प्रस्तावित भती दौड़ ग्राउंड का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक और बारहवीं बटालियन पीएसी के कमांडेंट मनोज कुमार अवस्थी भी मौजूद रहे। एसपी ने दौड़ ट्रैक की स्थिति, अभ्यथियों के प्रवेश-निकास मार्ग, सुरक्षा इंतजाम, बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी और शेड जैसी मूलभूत सुविधाओं को बारीकी से देखा। इसके साथ ही मेडिकल टीम की तैनाती, एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार किट और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का



भी मुआयना किया। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदशी और सुव्यवस्थित तरीके से कराई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अभ्यथी को असुविधा न हो और दौड़ के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। समय-समय पर ग्राउंड की साफ-सफाई और ट्रैक की जांच भी सुनिश्चित करने को कहा गया।बारहवीं बटालियन पीएसी में होने वाली इस दौड़ में हजारों अभ्यथियों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रशासन का दावा है कि सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएंगी ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

# जनपद के 1.72 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक, निकाली गई जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जनपद में 28 जून से शुरू हो रहे पोलियो एनआईडी अभियान की तैयारियां जोरों पर हैं। अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर से जिला स्तरीय पल्स पोलियो जागरूकता रैली निकाली गई। सीएमओ डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली कालीदेवी चौराहा-तिराहा से पुरानी बाजार, चैक बाजार, सब्जी मंडी (धुस मैदान) होते हुए पुनः सीएमओ कार्यालय में समाप्त हुई। रैली में चिकित्सा, शिक्षा, नगर पालिका, आईसीडीएस व अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शहरी क्षेत्र की एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया। पुलिस विभाग ने ट्रैफिक व्यवस्था संभालकर रैली को सफल बनाने में सहयोग दिया। रैली के माध्यम से जनपदवासियों से अपील की गई कि 28 जून से 6 जुलाई तक चलने वाले अभियान में शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को बूथ पर या घर-घर भ्रमण के दौरान पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। सीएमओ डॉ महेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में कुल 1,71,910 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। रैली का संचालन डीआईओ डॉ. जी.आर. रतमेले व डीपीएम आर.के. करवरिया ने किया। इस मौके पर अपर मुख्य




चिकित्साधिकारी डॉ महेन्द्र कुमार जतारया, जिला समन्वयक रूपनरायण, लेखा एनयूएचएम संतोष श्रीवास्तव, गर्व तिवारी, फार्मासिस्ट नरोत्तम सिंह, अभिलाष खरे, डीसीपीएम रतन धुरिया, इमरान, अभिषेक द्विवेदी, विकास कुशवाहा, जीरोडोज संजय सक्सेना, डब्ल्यूएचओ से प्रियान्शु, शुभम, अनिल गुप्ता, राजेन्द्र, मनीष, पुष्पराज आदि मौजूद रहे।

## सूखे से निपटने के लिए कृषि विभाग सतर्क, बनाई कार्ययोजना

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक जीत लाल गुप्ता ने बताया कि सूखे से निपटने के लिए जिले में कृषि विभाग ने कार्य योजना बनाई है। वर्षा देर से होने या वर्षा कम होने पर किसानों को जागरुक कर अलग-अलग योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि वर्षा देर से होने पर जल्दी पकने वाली धान की प्रजातियों की सीधी बुवाई या मोटे अनाज की खेती कराई जाएगी। खेतों में मेड़बंदी व समतलीकरण से लेकर फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। कहा कि खेती जनपद के अर्थव्यवस्था का मूल आधार है, ज्यादातर सिंचाई का साधन वर्षा व नहरें हैं। वर्षा से धान की फसल की वृद्धि बहुत तेजी से होती है, लेकिन इस बार समुद्री हवाओं से जुड़े घटनाक्रम अलनीनो के कारण इस बार मानसून कमजोर बताया जा रहा है। सूखे की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है, कृषि विभाग ने सूखे की स्थिति में खेती को बचाने के लिए योजना तैयार की है। यदि वर्षा 15 जुलाई के बाद होती है तो किसानों को जल्दी पकने वाली धान की प्रजाति पीआर 128, पीआर126, बासमती 1692 दी जाएगी। उन्होंने इस बार रोपाई के समय खेत में पानी नहीं भरने की किसानों से अपील की है। अगर मानसून इससे भी देरी से आता है तो किसानों से ज्वार, बाजरा, रागी, साँवा,कोदो आदि मोटे अनाज की खेती भी कराई जाएगी एवं जिले के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा के अंतर्गत आच्छादित कराने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा।

## फर्रुखाबाद में किसान नेता से अभद्रता के विरोध में भाकियू लोकशक्ति ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के जिलाध्यक्ष कु. नारायण प्रताप सिंह सिसौदिया के नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारियों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी चित्रकूट को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संगठन के आह्वान पर प्रदेशभर के जिलों में एक साथ यह ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में गौतमबुद्धनगर में यमुना एक्सप्रेस-वे के अतिरिक्त मुआवजा, आवासीय प्लॉट, यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण की समस्याओं, जेवर एयरपोर्ट क्षेत्र के युवाओं के रोजगार तथा सोनभद्र के भैंसवार गांव में चकबंदी अनियमितताओं को लेकर 13 माह से चल रहे धरने व गौतमबुद्ध नगर के रौनीजा गांव में 12 माह से जारी धरने के समाधान की मांग की गई। इसके साथ ही फरुर्खाबाद जनपद में 15 जून को ज्ञापन सौंपने गए



भाकियू जिलाध्यक्ष अली कायम के साथ कायमगंज तहसील के उपजिलाधिकारी द्वारा कथित अभद्रता व पुलिस हिरासत में अपमान के प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने तथा उन पर लगाए गए आरोपों को बिना शर्त वापस लेने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शांतिपूर्ण ज्ञापन देने पर किसान नेता के साथ हुआ व्यवहार न्यायोचित नहीं है और संगठन के समस्त पदाधिकारी इससे आक्रोशित हैं।

## अग्निशमन विभाग का निरीक्षण अभियान जारी, कोचिंग व पुस्तकालयों की जांची अग्निसुरक्षा

**चित्रकूट।** लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद जनपद में कोचिंग संस्थानों व पुस्तकालयों का निरीक्षण अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पवन कुमार त्यागी ने गुरुवार नगर क्षेत्र के पांच और संस्थानों का निरीक्षण किया। अभियान के तहत अग्निशमन विभाग की टीम ने लक्ष्य लाइब्रेरी (बस स्टैंड), विद्या निकेतन लाइब्रेरी (कसहाई रोड), राष्ट्रीय कंप्यूटर शिक्षा मिशन (शंकर बाजार), फ्यूचर डिजिटल लाइब्रेरी (जनसेवा इण्टर कॉलिज के पास) व स्टडी जोन लाइब्रेरी (प्रयागराज रोड ईटा मंडी) का निरीक्षण कर अग्निसुरक्षा उपकरणों के रख-रखाव, आपातकालीन निकास व्यवस्था तथा आग के खतरों को कम करने के उपायों की जांच की। इस दौरान संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को मॉकड्रिल का प्रशिक्षण देकर आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी की जानकारी दी गई तथा अग्निसुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# झूठे अपहरण की कहानी रचकर रिश्तेदार को फंसाने का प्रयास, वादी ही निकला आरोपी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र में अपहरण और मारपीट की झूठी कहानी गढ़कर रिश्तेदार को फंसाने की साजिश रचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि जिस युवक के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था, वह सकुशल बरामद हो गया और पूरे मामले का खुलासा हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ थाना क्षेत्र के लबेद गांव निवासी धीरेन्द्र सिंह पटेल ने बीती 21 जून को मऊ थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह अपनी पत्नी, बच्चे और साले कविराज के साथ मऊ से घर लौट रहा था। रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोककर मारपीट की और उसके साले कविराज का अपहरण कर लिया। इस संबंध में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना चैकी प्रभारी खण्डेहा राहुल पाण्डेय को सौंप दी गई। मामले की जांच के दौरान बीते बुधवार को पुलिस ने चंदई तिराहे से अपहृत कविराज को सकुशल बरामद कर लिया।




जिसके साथ वादी धीरेन्द्र सिंह भी मौजूद मिला। जिसके बाद हुई पूछताछ में धीरेन्द्र सिंह ने स्वीकार किया कि उसके साले का अपहरण नहीं हुआ था। उसने अपने रिश्तेदार शंकर को झूठे मुकदमे में फंसाने के उद्देश्य से साथियों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। आरोपी ने बताया कि शंकर द्वारा उसके खिलाफ पहले एक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसका बदला लेने के लिए उसने यह षड्यंत्र रचा। उसने अपने साले कविराज को पहले से तय योजना के तहत परिचितों के पास भेज दिया था और स्वयं तथा अपनी पत्नी के हाथ-पैर बंधवाकर सड़क किनारे लेट गया था। बाद में पुलिस को सूचना देकर अपहरण और मारपीट की झूठी कहानी गढ़ी गई।

जांच में अपहरण, मारपीट और अन्य लगाए गए आरोप असत्य पाए गए। जिसके बाद पुलिस ने पूर्व में दर्ज धाराओं को हटाते हुए झूठा मुकदमा दर्ज कराने और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में धीरेन्द्र सिंह के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में चैकी प्रभारी राहुल कुमार पाण्डेय, मुख्य आरक्षी पवन कुमार तिवारी शामिल रहे।

# हरी खाद को बढ़ावा देने पहुंचे उप कृषि निदेशक, अहिरा में ढैंचा फसल का किया निरीक्षण

## फसल प्रबंधन व सिंचाई तकनीक की दी जानकारी

**चित्रकूट।** मानिकपुर विकासखंड स्थित आहिरा ग्राम में गुरुवार को उप कृषि निदेशक जीत लाल गुप्ता ने ढांचा की खेती का निरीक्षण किया। यह ढैंचा श्याम नारायण के खेत में कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर वितरित बीज से उगाया गया है। जिसका उद्देश्य हरी खाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने खेत का दौरा कर फसल की वृद्धि, गुणवत्ता और खेत की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही किसानों को फसल प्रबंधन, सिंचाई और हरी खाद के उपयोग की आवश्यक सुझाव दिये।

उप कृषि निदेशक ने किसानों को हरी खाद के रूप में ढैंचा की फसल लेने के फायदे बताते हुय कहा कि ढैंचा के उपयोग से मिट्टी में ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है और उसकी भौतिक दशा में सुधार होता है। इससे मिट्टी की जलधारा, क्षमता में वृद्धि होती है और उसके उर्वरा शक्ति बढ़ती है। उन्होंने बताया कि हरी खाद के प्रयोग से रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करना पड़ता है, जिससे खेती की लागत में कमी आती है और किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त होता है। यह किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर मौजूद सभी किसानों से अपील की है कि आने वाले दिनों में अपने



खेत में हरी खाद के रूप में ढैंचा की फसल का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने जोर दिया कि इससे अनावश्यक रूप से उर्वरकों पर होने वाले खर्च में बचत होगी और मिट्टी व पर्यावरण का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। इस मौके पर वरिष्ठ प्राकृतिक सहायक राजश सैनी, रंजीत सरोज,कृषक श्याम नारायण आदि मौजूद रहे।

## वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर केवीके गनीवा में हुई कृषक कार्यशाला

**चित्रकूट।** वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) गनीवा में एससी-एसटी परियोजना के तहत कृषक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एल नीनो प्रभाव से सूखे की आशंका को देखते हुए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को अधिक पानी वाली धान की फसल का रकबा घटाकर कम पानी में पकने वाली दलहनी-तिलहनी फसलों व श्रीअन्न (कोदो, कुटकी, रागी) पर ध्यान देने की सलाह दी। कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान हैदराबाद (आईसीआरआईएसएटी) के वैज्ञानिक डॉ. अनिल ने एल नीनो के कारण इस वर्ष भारत देश में वर्षा अनियमित रहने की संभावना है। ऐसे में धान की जगह श्रीअन्न व दलहन-तिलहन अपनाने से पोषण सुरक्षा के साथ किसान की आय भी सुरक्षित रहेगी। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी ने सूखारोधी व कम अवधि वाली किस्में चुनने तथा धान में पानी व श्रम बचाने के लिए सीधी बिजाई विधि अपनाने की तकनीकी जानकारी दी। कहा कि किसान इस बार धान का क्षेत्रफल घटाकर उसकी जगह कम पानी वाली किस्में लगाएं। योजना प्रभारी डॉ. उत्तम कुमार त्रिपाठी ने बीज उपचार, समय पर बुवाई, खरपतवार नियंत्रण व संतुलित उर्वरक उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। बताया कि कम अवधि वाली किस्में लगाने से पौधों को नमी का बेहतर उपयोग मिलता है और फसल सूखा सहन करने में सक्षम होती है। वैज्ञानिक रोहित कुमार मिश्रा ने भी किसानों तकनीकी एवं सस्य क्रियाओं के संदर्भ में मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिला किसानों ने भाग लिया। इस दौरान केंद्र द्वारा महिला व पुरुष किसानों को अरहर, मूंग व तिल के उन्नत बीज तथा तकनीकी साहित्य वितरित किया गया। किसानों ने वैज्ञानिकों की सलाह को खेत में अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर इस मौके केन्द्र के कार्यकर्ता अभय एवं सुरेश आदि मौजूद रहे।

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा, भारत को हिला देगा नए पीएम का नाम

**ब्रिटिश**

**ब्रिटेन में** एक बड़ा राजनीतिक संकट खड़ा हो गया है। कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे दिया है। ब्रिटेन में मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी लेबर पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद की स्टारमर के खिलाफ थे। जिसके बाद उन्हें प्रेशर में इस्तीफा देना पड़ गया। कीर स्टार्मर 7 सालों में कार्यकाल पूरा होने से पहले पद छोड़ने वाले पांचवें प्रधानमंत्री बन गए हैं। बहरहाल की स्टार्मर के इस्तीफे के बाद जिस शख्स के अगला प्रधानमंत्री बनने की सबसे ज्यादा उम्मीद है वो शख्स भारत के लिए सरदर्द बन सकता है क्योंकि ब्रिटेन के इस अगले संभावित प्रधानमंत्री का बयान सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। खबरें हैं कि एंडी बर्नहम ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। बताया जाता है कि एंडडी बर्नहम पिछले 40 सालों में लाखों ब्रिटिश बच्चियों का रेप करने वाले पाकिस्तानी मुस्लिमों के प्रति काफी नरम रुख रखते हैं।



एंडी बर्नहम चाहते थे कि ब्रिटिश बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वाले पाकिस्तानी मुस्लिम ग्रूमिंग गैंग्स का मामला दब जाए। दावे के मुताबिक एंडडी बर्नहम ने पाकिस्तानी मुस्लिम ग्रूमिंग गैंग्स की शिकार लड़कियों पर ही आरोप लगा दिया कि तुम इस मामले को प्रोपोगेंडा बना रही हो। उन्होंने मैनचेस्टर और पूरे देश में ग्रूमिंग गैंग्स की जांच को रोकने की कोशिश की। उन्होंने यहां तक कह दिया कि पाकिस्तानी मुस्लिम ग्रूमिंग गैंग्स बीते जमाने की बातें हो गई हैं। जबकि इस बात के सबूत हैं कि आज भी ब्रिटेन में छोटी बच्चियों को शिकार बनाया जा रहा है। यहां तक कि उस इलाके में भी जहां से एंडी बर्नहम आते हैं। एंडी बर्नहम ने तो दोष पीड़ितों पर ही मड़ने की कोशिश की। उन्होंने यह तक मानने से इंकार कर दिया कि जिन लड़कियों के साथ दुष्कर्म हुआ है, वह बच्चियां थी।

पाकिस्तानी मुस्लिम ग्रूमिंग गैंग्स ने अनगिनत छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया। उनका शोषण किया। यहां तक कि उनकी हत्या भी कर दी।

लेकिन मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी लेबर पार्टी ने आंखें मूंद ली। हैरानी की बात देखिए कि 2 दिन पहले ही एक ब्रिटिश सांसद रूप लॉ ने संसद में एक रिपोर्ट पेश की जिसमें पाकिस्तानी मुस्लिम ग्रूमिंग गैंग्स की क्रूरता के बारे में बताया गया। इस रिपोर्ट में उन लड़कियों के बयान दर्ज हैं जिन्हें पाकिस्तानी मुस्लिमों ने अपना शिकार बनाया था।

## इजरायल के हमलों में साथ देने का लगा आरोप

**इजराइल**

**नई** दिल्ली में ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 16वीं बैठक के दौरान ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (वअए) के बीच तनाव चरम पर पहुँच गया। ईरानी अधिकारियों ने औपचारिक रूप से यूएई पर आरोप लगाया कि अमेरिका और इजराइल के ऑपरेशन के दौरान इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ हुए सैन्य हमलों में वअए सीधे तौर पर शामिल था। भारत में ईरानी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप-सचिव गदीर निजामीपुर ने उच्च-स्तरीय सुरक्षा फोरम के दौरान अमीराती प्रतिनिधिमंडल की कड़ी आलोचना करते हुए उनके दावों का कड़ा खंडन किया। इसमें कहा गया है कि सभा को संबोधित करते हुए नेजामीपुर ने यूएई के प्रतिनिधि द्वारा तेहरान पर पहले लगाए गए आरोपों





को खारिज कर दिया और इसके बजाय चल रहे क्षेत्रीय संघर्ष को लेकर सीधे टकराव का रुख अपनाया। दूतावास ने लिखा, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप-सचिव डॉ. गदीर नेजामीपुर ने नई दिल्ली में #इफ्क्ष्ड्ढर देशों की सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 16वीं बैठक में बोलते हुए, संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि द्वारा इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान पर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया। होर्मुज जलडमरूमध्य में हालिया संकट शुरू करने के लिए अमेरिका और इजराइल पर आरोप लगाते हुए, नेजामीपुर ने अपनी आलोचना का दायरा बढ़ाते हुए वअए को भी इसमें शामिल किया। उन्होंने कहा कि यूएई ने न केवल अपने क्षेत्र का इस्तेमाल हमलों के लिए एक अड्डे के तौर पर करने दिया, बल्कि उन अभियानों में भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया जिनका निशाना ईरानी बुनियादी ढांचा था। इलाके में हाल की घटनाओं का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहाः 'पूरी दुनिया ने देखा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले और संकट की शुरूआत अमेरिका और जायोनी शासन ने की थी। इनमें से कुछ हमले संयुक्त अरब अमीरात की जमीन पर बने ठिकानों से किए गए थे।

## लेबनान पर यूएस-ईरान डील से इजरायल को झटका, नेतन्याहू बोले- सेना नहीं हटाएंगे

**स्विट्ज़रलैंड**

**अंतरिम** शांति समझौते और हाल ही में स्विट्ज़रलैंड में हुई बातचीत के बीच, इजराइल ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका के साथ शामिल था। चिंता है कि ट्रम्प प्रशासन लेबनान में तेहरान की स्थिति मजबूत कर सकता है; लेबनान से बेंजामिन नेतन्याहू ने इजराइली सेना को हटाने से इनकार कर दिया है। यह युद्ध फरवरी 2026 में ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के साथ शुरू हुआ था और अब यह ऐसे मोड़ पर है जहाँ वाशिंगटन तेहरान के साथ बातचीत कर रहा है, और इजराइल लेबनान को लेकर उलझन में फँसा हुआ है। पिछले हफ़्ते अमेरिका और ईरान के बीच हुए 14-सूत्रीय समझौते में लेबनान में लड़ाई रोकने की बात भी शामिल है।

इस मसौदे का पहला ही बिंदु कहता हैः अमेरिका, ईरान और मौजूदा युद्ध में उनके सहयोगी इस समझौते पर हस्ताक्षर कर रहे हैं ताकि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई को तुरंत और हमेशा के लिए खत्म किया जा सके। साथ ही, वे यह भी तय कर रहे हैं कि अब से वे एक-दूसरे के खिलाफ कोई युद्ध या सैन्य कार्रवाई शुरू नहीं करेंगे, एक-दूसरे के खिलाफ बल प्रयोग या उसकी धमकी से बचेंगे, और लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को सुनिश्चित करेंगे। हालांकि, सोमवार को नेतन्याहू ने ऐसा लगा कि वर-क्श्ंल्ल ट्ङ्क्षव को नजरअंदाज कर दिया और कहा कि



इजराइली सेना दक्षिणी लेबनान में तब तक बनी रहेगी जब तक उन्हें अपने लोगों की सुरक्षा के लिए इसकी जरूरत होगी। स्विट्ज़रलैंड में ईरान और अमेरिका के बीच तकनीकी बातचीत पूरी होने के बाद, अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि नेतन्याहू की सरकार को चिंता है कि अमेरिका लेबनान में ईरान के प्रभाव को बढ़ा सकता है, जिससे इस इलाके में इजराइल की कार्रवाई करने की आजादी पर असर पड़ सकता है। अ७ङ्क्ष्२ ने दो इजराइली सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

खबरों के मुताबिक, इजराइली अधिकारी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि ईरान के साथ ट्रंप की नई समझ, लेबनान में ईरानी प्रॉक्सी संगठन हिज्बुल्लाह की ताकत को कम करने के लिए इजराइल और अमेरिका की सामूहिक कोशिशों को असल में कमजोर कर देगी। उन्हें इस बात की भी चिंता है कि अब जब भी इजराइल लेबनान पर हमला करने की योजना बनाएगा, तो वॉशिंगटन शायद उस पर आपत्ति जता

## पाक में विरोध से बौखलाया पाकिस्तान



**पाकिस्तान**

**भारत** ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की हालिया युद्ध की धमकी का कड़ा जवाब दिया। भारत ने कहा कि यह बयान इस्लामाबाद की ओर से मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की एक हताशा भरी कोशिश है। यह प्रतिक्रिया तब आई जब नई दिल्ली ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सरकार-विरोधी प्रदर्शनों पर हो रही बेरहम कार्रवाई का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की टिप्पणियों के बारे में हमने रिपोर्ट देखी हैं। ऐसे बयान पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की हताशा भरी कोशिशें हैं। हम इन मनगढ़ंत दावों को पूरी तरह और पूरी सख्ती के साथ खारिज करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जो हालात बन रहे हैं, वे पाकिस्तान की उस दशकों पुरानी नीति का सीधा नतीजा हैं जिसके तहत वह अपने गैर-कानूनी और जबरदस्ती किए गए कब्जे वाले इलाकों में लोगों का सुनियोजित आर्थिक शोषण करता है, उन्हें बुनियादी अधिकारों से वंचित रखता है और प्रशासनिक दमन करता है। पाकिस्तानी सरकार ने इसके जवाब में बेहद बर्बर पुलिसिया कार्रवाई की है, जिसमें जरूरी सामान और दवाओं की सप्लाई रोकना, इंटरनेट बंद करना और निहत्थे नागरिकों के खिलाफ जानलेवा बल का इस्तेमाल करना शामिल है। अधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से यह भी कहा कि ढङ्क्षङ में विरोध-प्रदर्शनों को दबाने के लिए पाकिस्तान को ज़िम्मेदार ठहराया जाए। जायसवाल ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, इसके कारण कई लोगों की जान चली गई है। हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके कामों, गलत हरकतों और मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए ज़िम्मेदार ठहराएगा।

## गोयल-ग्रीर की हाई-लेवल मीटिंग, खुलेंगे नए आर्थिक अवसर



**अमेरिका**

**अमेरिकी** व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर और केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को नई दिल्ली में अंतरिम समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए मुलाकात की। इस समझौते की शुरूआत राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने की थी। भारत में अमेरिकी दूतावास के आधिकारिक अकाउंट ने बताया कि वे एक निष्पक्ष और आपसी व्यापार समझौते को हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार खुलें और दोनों देशों को फायदा हो। एक्स पर आधिकारिक अकाउंट के अनुसार, वाणिज्य भवन में हुई इस उच्च-स्तरीय बैठक में अंतरिम समझौते और एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते, दोनों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। इस महत्वपूर्ण बातचीत के लिए राजदूत ग्रीर के साथ भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और एक वरिष्ठ अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। जेमिसन ग्रीर और भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए अंतरिम समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए मुलाकात की। बयान में कहा गया है कि अमेरिका एक निष्पक्ष और आपसी व्यापार समझौते को हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिससे अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार खुलें और दोनों देशों को फायदा हो।

## नाटो को रगड़ा, इटली का उड़ाया मजाक, स्टार्मर की दिखा दी हैसियत, अलग मूड में नजर आए ट्रंप

**इटली**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिसके पीछे पड़ जाते हैं उसका क्या हश्र करते हैं यह तो आप बखूबी जानते हैं। उस व्यक्ति का मजाक उड़ाना हो, उस संस्थान की खिल्लियां उड़ानी हो, इससे ट्रंप कभी पीछे नहीं हटते। यही हाल उन्होंने अब एक तरफ जहां ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर का किया है, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलिनी का किया है, तो दूसरी तरफ वो नाटो के पीछे भी हाथ धोकर पड़ गए हैं। ईरान मामले में नाटो ने जिस




तरह से अमेरिका का साथ देने से इंकार किया, उसने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ट्रिगर कर दिया है। और यही वजह है कि गाहे बगाहे उन्हें कोई भी मौका मिलता है, वह नाटो हो या ब्रिटेन पीएम हो या फिर इटली की पीएम हो। उसका मजाक उड़ाने से वो पीछे नहीं हटते। अब एक बार फिर कीर स्टार्मर के इस्तीफे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिप्पणी की है और उन्होंने कहा है कि कीर स्टार्मर कोई चर्चिल नहीं है। और तो और उन्होंने यह भी कह दिया कि कीर स्टार्मर ने हमारा साथ देने की जगह पर ऐसी भद्दी बात बोली कि उसका कोई सर पैर ही नहीं था। कीर स्टार्मर को लेकर उन्होंने कहा कि जब हमने उन्हें टेस्ट करने के लिए यह कहा कि आओ इस युद्ध में हमारा साथ दो तो केर स्टार्मर ने कहा कि आप युद्ध जीत जाएंगे।

## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से निकला रिकॉर्ड तेल, दुनिया हुई सबसे ज्यादा महफूज

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि तेहरान के साथ वॉशिंगटन की नई कूटनीतिक समझ लागू होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अभूतपूर्व समुद्री गतिविधियां देखी गईं। ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से 19 मिलियन बैरल तेल का प्रवाह हुआ। 'ट्रुथ सोशल' पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में, ट्रंप ने पिछले सप्ताह ईरान के साथ हुई कूटनीतिक समझौते के नतीजों की सराहना की। इस द्विपक्षीय समझौते के असर पर खुशी जताते हुए ट्रंप ने लिखा, "तेल की कीमतें तेजी से गिर रही हैं और दुनिया अब कहीं अधिक सुरक्षित जगह बन गई है!

व्हाइट हाउस की प्रेस ब्रीफिंग में इन बातों को आगे बढ़ाते हुए, ट्रंप ने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का ट्रांसपोर्ट पिछले दिन अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने इस घटनाक्रम को एक अहम उपलब्धि बताया और कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार के लिए यह जरूरी समुद्री रास्ता पूरी तरह से खुला और बिना किसी रुकावट के काम कर रहा है। ट्रंप ने कहा कल हमने इस जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल की मात्रा से कहीं ज्यादा तेल हासिल किया! हमारे पास तेल का जबरदस्त बहाव है। यह जलडमरूमध्य पूरी तरह से खुला है। इस घटनाक्रम के पीछे के बड़े कूटनीतिक लक्ष्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वाशिंगटन ने दो अहम रणनीतिक लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिए हैंः इस रास्ते से दुनिया भर में ऊर्जा की सप्लाई बिना किसी रुकावट के जारी रखना और ईरान के परमाणु बम बनाने के रास्ते को





हमेशा के लिए रोकना। क्षेत्रीय स्थिरता की जरूरत पर जोर देते हुए, ट्रंप ने शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि उनका प्रशासन मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास दो चीजें हैं! हमारे पास एक खुला जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) है और एक ऐसा देश है जिसके पास कभी परमाणु हथियार नहीं होंगे। इस रणनीतिक बदलाव के तहत, अमेरिका ने सोमवार को ईरानी कच्चे तेल की खेप पर लगी आर्थिक रोक को कुछ समय के लिए हटा दिया। यह कदम अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की उस घोषणा के बाद उठाया गया जिसमें कहा गया था कि तेहरान संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निरीक्षकों को देश में फिर से आने की अनुमति देगा। स्विट्ज़रलैंड के आलीशान बुर्गेनस्टॉक रिजॉर्ट में हुई अहम कूटनीतिक बातचीत के बाद वेंस ने पत्रकारों से कहा कि हमने एक सफल अंतिम समझौते के लिए बहुत अच्छी नींव रखी है।" यह बातचीत अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रही सैन्य दुश्मनी को खत्म करने के मकसद से की जा रही है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## वाशिंगटन से डिले के बाद तेहरान में एक्शन, पाकिस्तान क्षेत्र पेजेशकियान के लिए रोडमैप पर चर्चा

**ईरान**

**ईरान** के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान मंगलवार को पाकिस्तान के एक दिन के सरकारी दौरे पर पहुँचे। इस दौरे का मुख्य मकसद ईरान और अमेरिका के बीच हुए समझौते को लागू करने और आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करना है। दौरे के दौरान, वे राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बातचीत करेंगे। दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और व्यापार, ऊर्जा, सीमा सुरक्षा, लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने की भी उम्मीद है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान और अमेरिका ने स्विट्ज़रलैंड में बातचीत की है और 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुँचने के लिए एक रोडमैप पर सहमति जताई है। सरकारी चैनल ढळ्श के मुताबिक, पेजेशकियन नूर खान एयरबेस पर उतरे, जहाँ राष्ट्रपति जरदारी, प्रधानमंत्री शरीफ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने पहले ही बताया था कि ईरानी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री शरीफ के निमंत्रण पर यह राजकीय यात्रा कर रहे हैं। उप-प्रधानमंत्री इशाक डार, सीनेट के चेयरमैन और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी उनसे मुलाकात करेंगे। ईरान के राष्ट्रपति के तौर पर पेजेशकियन की पाकिस्तान की यह दूसरी यात्रा है।

सरकारी मीडिया ने बताया कि पेजेशकियन एक हाई-लेवल डेलीगेशन



के साथ 'मिनाब 168' नाम के स्पेशल प्लेन से इस्लामाबाद पहुँचे। उनका मकसद देश पर हुए अमेरिकी हमलों के पीड़ितों, खासकर मिनाब स्कूल के उन 168 छात्रों को श्रद्धांजलि देना था जो इन हमलों में मारे गए थे। रवाना होने से पहले, ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी यात्रा का मकसद "इंटरनेशनल लॉ के तहत मेमोरैंडम को पूरी तरह लागू करना" है। सरकारी 'प्रेस टीवी' के मुताबिक, उन्होंने कहा कि इस समझौते से वेस्ट एशिया में स्थिरता और सुरक्षा को मजबूत करने में मदद मिलेगी। एक्स पर एक पोस्ट में पेजेशकियन ने कहा कि बातचीत की कामयाबी इस बात पर निर्भर करती है कि तय की गई ज़िम्मेदारियों को पूरी तरह माना जाए और उन्हें ठीक-ठीक लागू किया जाए।" उन्होंने आगे कहा, "इस रास्ते पर कितनी प्रगति हुई है, यह तय की गई ज़िम्मेदारियों को असल में निभाने से पता चलेगा। समझौते में लिखी बातों से अलग बयान देने से बातचीत को आगे बढ़ाने में मदद नहीं मिलती।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस दौरे से इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (टङ्क्षव) पर हस्ताक्षर के बाद चल रही कूटनीतिक बातचीत और आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा करने का एक अहम मौका मिलेगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि दोनों पक्ष कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची मस्कट से इस्लामाबाद पहुँचे। वे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के प्रबंधन पर ओमान के नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय बातचीत के लिए संसद के स्पीकर और मुख्य वातार्कार मोहम्मद बाघेरी गालिबाफ के साथ मस्कट गए थे। यह दौरा रविवार और सोमवार को स्विट्ज़रलैंड में लेक ल्यूसर्न समिट में ईरान और अमेरिका के बीच हुई उच्च-स्तरीय बातचीत के बाद हो रहा है। ये बातचीत इस्लामाबाद टङ्क्षव के तहत हुई थी, जिस पर अमेरिका और ईरान ने गुरुवार को क्षेत्रीय सुरक्षा और अन्य विवादित मुद्दों पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर किए थे।